संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 03 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 150 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराई: 8 बोगियां पलटीं, इंजन गुड्स ट्रेन पर चढ़ा; कई यात्री घायल।

# रेसलर्स के समर्थन में 83 क्रिकेट वर्ल्ड कप की टीम

## खापों का सरकार को अल्टीमेटम: बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं तो 9 जून को रेसलर फिर जंतर-मंतर पर बैठेंगे

### पहलवानों से अपील

● वे मेडल न केवल उनके अपने हैं बल्कि देश का भी गौरव है। हम आग्रह करते हैं कि पहलवान जल्दबाजी में कोई फैसला न लें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेसलिंग** फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या में होने वाली अपनी महारैली रद्द कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण ने भाजपा हाईकमान के कहने पर 5 जून से होने वाली रैली को कैंसिल किया है। हाईकमान ने उन्हें बयानबाजी से बचने की भी नसीहत दी है। महिला पहलवानों के आरोप सामने आने के बाद यह फैसला किया गया है। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेट टीम ने किया रेसलर्स का समर्थन वर्ष 1983 का वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों का समर्थन किया है। कपिल देव की अगुवाई वाली टीम में शामिल सुनील गावस्कर, रोजर बिन्नी, दिलीप वेंगसरकर और मदनलाल समेत कई खिलाड़ियों ने जाइंट स्टेटमेंट में लिखा- हम पहलवानों के साथ हो रही बदतमीजी से व्यथित हैं। हमें चिंता इस बात की है कि वे अपनी मेहनत की कमाई को गंगा नदी में बहाने की सोच रहे हैं। वे मेडल न केवल उनके अपने हैं बल्कि देश का भी गौरव है। हम आग्रह करते हैं कि पहलवान जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। हम उम्मीद करते हैं कि उनकी शिकायतों को सुनकर जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर की गई हैं। पहली एफआईआर बालिग पहलवानों के आरोपों से जुड़ी है और दूसरी नाबालिग रेसलर्स के आरोपों पर आधारित है।

### इलाज खर्च के बदले सेक्सुअल फेवर मांगा

**महिला** पहलवान ने कहा, "अगस्त 2022 में बुल्गारिया में वर्ल्ड जूनियर रेसलिंग चैंपियनशिप के दौरान पहली बार बृजभूषण ने सेक्सुअली हैरेस किया। ट्रेनिंग पर थी। बृजभूषण ने अकेले बुलाया। मैंने इनकार कर दिया। इसके बाद बृजभूषण ने दोबारा बुलाया। टी-शर्ट ऊपर उठाई फिर सांस चेक करने के बहाने छूने लगे। बृजभूषण होटल में उसी फ्लोर पर कमरा लेते थे, जहां पहलवान ठहरते थे। लुंगी में घूमते थे। एक बार होटल में मुझे अकेले पकड़ लिया। मुझे कुछ खाने का ऑफर दिया। बृजभूषण ने कहा कि इससे परफार्मेंस सुधरेगी। यह आइटम मेरे डायटिशियन या कोच ने अप्रूव नहीं की थी। 2022 में एक कंपीटिशन में मुझे चोट लग गई। जापान से इंडिया लौटने पर मुझे फेडरेशन के ऑफिस बुलाया गया।

### बृजभूषण ने टी-शर्ट ऊपर खींची, भागकर जान बचाई

**"बिसकेक** में चैंपियनशिप के दौरान मैं ग्राउंड के मैट पर स्ट्रेचिंग-वार्मअप कर रही थी। बृजभूषण वहां किनारे खड़े होकर मुझे देखने लगे। जब मैं मैट पर लेटी हुई थी तो अचानक बृजभूषण करीब आ गए। तब वहां मेरा कोच नहीं था। मेरी इजाजत के बगैर उसने मेरी टी-शर्ट ऊपर खींच दी और छाती पर हाथ रख दिया। सांस लेने की जांच करने का बहाना बनाया। बृजभूषण मेरा करियर बर्बाद न कर दें, इस वजह से मैं कुछ नहीं बोल सकी। 2019 में मैं फेडरेशन के ऑफिस दिल्ली गई। वहां नेशनल कैंप की क्वेरी के लिए सेक्रेटरी विनोद तोमर से मिलने गई तो उसने मेरे भाई को बाहर रुकने को कहा। अंदर बैठे आदमी को भी बाहर भेज दिया। इसके बाद दरवाजा बंद कर मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। मैंने भागकर जान बचाई।"

### बेड पर लेटने को कहा, जबरन गले लगाया

**"मैंने** एक कंपीटिशन में गोल्ड मेडल जीता। उसके बाद रूम में रेस्ट कर रही थी तो फिजियोथेरेपिस्ट ने आकर कहा कि मुझे बृजभूषण ने बुलाया है। मुझे लगा कि शायद बधाई देनी हो। वहां बृजभूषण ने फोन पर पेरेंट्स से बात कराई। जैसे ही कॉल खत्म हुई तो बृजभूषण ने मुझे अपने बेड की तरफ बुलाया। अचानक बिना परमिशन के मुझे जबरन गले लगा लिया। मुझे इतना सदमा लगा कि मैं रोने लगी तो बृजभूषण कहने लगा- नहीं- नहीं, फादर की तरह। इसके बाद बृजभूषण मुझसे बात करने के लिए मेरी मां को फोन करने लगा। बृजभूषण फोन पर पूछता था- मैं कैसा लग रहा था आज?, प्रैक्टिस कैसी चल रही, मुझे बता दिया करो, कुछ चाहिए तो। नवंबर 2022 में बृजभूषण ने सेक्सुअल फेवर के बदले मुझे सप्लीमेंट दिलाने की बात कही।"

## 'कोटखाई-हाटकोटी सुरंगों के निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा'



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला शिमला के रोहड़ू में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोटखाई.हाटकोटी और डोडरा क्वार में सुरंगों के निर्माण के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा। इन सुरंगों से क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के उपरांत ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का क्षेत्र का यह पहला दौरा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्षेत्र से क्वार को जोडने के प्रयास भी किए जाएंगे। उन्होंने रोहड़ू में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिचौलियों द्वारा सेब के बागवानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 'देशद्रोह कानून जरूरी, सजा भी बढ़ाई जानी चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
152 साल पुराने देशद्रोह कानून को लेकर लॉ कमीशन ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आयोग का कहना है, भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए को आईपीसी में बनाए रखने की आवश्यकता है। इसको हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे देशद्रोह कानून को स्थगित कर दिया था। कोर्ट ने तब आदेश दिया था कि जब तक क्ढ्ढउ की धारा 124-अ की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा।

## सिद्धा कैबिनेट ने 5 वादों पर मुहर लगाई



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
कर्नाटक में कांग्रेस की सिद्धारमैया सरकार ने चुनाव से पहले किए गए पांच वादों पर कैबिनेट मीटिंग में मुहर लगा दी है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को हुई मीटिंग में इन वादों को इसी साल 11 जून से लागू करने की घोषणा की है। सिद्धारमैया ने कहा, कैबिनेट ने जाति या धर्म का भेदभाव किए बिना पांचों गारंटी को लागू करने का फैसला किया है।

**सखी शक्ति योजनाः** सबसे पहले 11 जून से सखी शक्ति योजना लागू की जा रही है। इसके तहत कर्नाटक की महिलाएं स्टेट ट्रांसपोर्ट की बस से राज्य में कहीं भी मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।

**गृह ज्योति योजनाः** यह योजना 1 जुलाई से लागू हो रही है। इसके तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। हालांकि उससे पहले के बिल का भुगतान करना होगा।

## गृहमंत्री की अपील के बाद मणिपुर में 144 हथियार सरेंडर

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह की अपील के बाद मणिपुर में उपद्रवियों ने 144 हथियार और 11 मैगजीन सरेंडर किए हैं। इनमें 29, कार्बाइन, इंसास राइफल, इंसास , एम16 राइफल जैसी हाईटेक राइफल्स और ग्रेनेड भी शामिल हैं।

## 'मुस्लिम लीग पूरी तरह से सेक्युलर पार्टी'



**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**
**राहुल** गांधी इन दिनों अमेरिका के 6 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने वॉशिंगटन डीसी के नेशनल प्रेस क्लब में मीडिया के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग से गठबंधन को लेकर राहुल ने कहा- मुस्लिम लीग पूरी तरह से सेक्युलर पार्टी है। विपक्ष एकजुट हो रहा है। हम सभी विपक्षी पार्टियों से बात कर रहे हैं। इस संबंध में काफी अच्छा काम हो रहा है।
राहुल ने कहा कि कई जगह ऐसी हैं जहां हम विपक्ष के साथ मुकाबला कर रहे हैं। ऐसे में हमें कई मुद्दों पर एक राय बनानी होगी, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम चुनाव में साथ जरूर आएंगे। सांसदी जाने के सवाल पर उन्होंने कहा- मुझे 1947 के बाद मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा मिली है। मैंने संसद में अडाणी को लेकर स्पीच दी थी, जिसकी वजह से मुझे डिस्क्वालिफाई कर दिया गया।




# भाजपा ने देश को ओबीसी समुदाय से पहला प्रधानमंत्री दिया : खन्ना

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला**
भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देश में अन्य पिछड़ा वर्ग का कल्याण सुनिश्चित करने के ठोस प्रयास किए। यह बात अविनाश राय खन्ना ने कांगड़ा में हो रहे भाजपा ओबीसी मोर्चा के सम्मेलन में कही। भाजपा सरकार ने केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों जैसे संस्थानों तथा एनईईटी परीक्षा में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण लागू किया है और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। भाजपा ने देश को ओबीसी समुदाय से पहला प्रधानमंत्री दिया है यह हमारे लिए गर्व का विषय है । केन्द्र सरकार ने 300 से अधिक कल्याणकारी योजनाओं के लाभए लाभार्थियों को प्रत्यक्ष हस्तांतरण से सुनिश्चित किए हैं।



खन्ना ने गरीबों को रसोई गैस कनेक्शन, किफायती आवास, बिजली, निशुल्क उपचार और निशुल्क राशन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान भाजपा सरकार के गरीबों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख भी किया। खन्ना ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ओबीसी से आए व्यक्तियों को फ्री कोचिंग देने की स्कीम शुरू करी है इसे ओबीसी वर्ग को बहुत बड़ा फायदा हुआ है। आने वाले समय में जितनी भी प्रतियोगी परीक्षाएं होती हैं उसमें इस स्कीम के माध्यम से ओबीसी के बच्चों को बहुत बड़ा फायदा होता है। अगर हम पढ़ाई के लिए ऋण की बात करें तो मोदी सरकार ने एनबीसीएफडीसी के माध्यम से ओबीसी के बच्चों को सस्ती दरों पर लोन देने का भी कार्य किया है। इस लोन से वह प्रोफेशनलए टेक्निकलए ग्रेजुएट कोर्स कर सकते हैं, लोन अगर भारत में पढ? के लिए दिया जाए उसकी सीमा 10 लाख तक है और अगर विदेश में पढ? को दिया जाए तो उसकी सीमा 20 लाख तक है और यह लोन केवल 4 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर पर मिल रहा है इससे भी ओबीसी को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा वर्तमान में केंद्र सरकार में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से 60 प्रतिशत मंत्री आते हैं। इन सुविधाओं को सशक्त करने के लिए स्टैंड अप योजना के तहत हमारी सरकार ने 7351 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने का कार्य किया है।

## शहीद कमलकांत विद्यालय कोटड़ी ब्यास के बच्चे योगा ओलम्पियाड़ में जिला स्तर के लिए चयनित



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के पांवटा साहिब उपमंडल के माजरा ब्लॉक में योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीपलीवाला में हुआ, जिसमें माजरा ब्लॉक की कुल 13 स्कूल टीमों ने भाग लिया। यह योग ओलंपियाड प्रतियोगिता 21 जून के लिए ब्लॉक लेवल से लेकर जिला स्तर राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर की जाएगी। बताते चले कि जिला स्तर प्रतियोगिता 2 और 3 जून को संगड़ाह स्कूल में होनी निश्चित हुई है और 8,9 जून को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मंडी में होनी है। इसमें शहीद कमलकांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटडी-ब्यास में लडके और लड़कियों के वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और जिला स्तर के लिए 7 बच्चे चयनित हुए है।

## कार चलाते समय वक्त चालक को हार्टअटैक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी शहर के बीचोबीच महामृत्युंजय चौक में दोपहर के समय चंडीगढ़ की एक गाड़ी उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जब गाड़ी चालक को अचानक गाड़ी चलाते समय हार्ट अटैक आ गया। प्रत्यक्षदर्शी रेहड़ी विक्रेता सुनील चंदेल ने बताया कि मंडी बस स्टैंड से एक चंडीगढ़ नंबर की गाड़ी आईटीआई ब्रिज से बाजार की तरफ आ रही थी। जैसे ही यह गाड़ी महामृत्युंजय चौक के पास पहुंची तो गाड़ी पीछे की तरफ चलने लगी और पुल की रेलिंग के साथ टकरा गई।



जब लोगों ने गाड़ी को रेलिंग के साथ टकराते हुए देखा तो लोगों का वहां जमघट लग गया। गाड़ी अंदर से लॉक थी और चालक को दौरा पड़ा था। लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी खिडकी को खोला और चालक को जोनल अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। जैसे ही पुलिस को इस घटना की सूचना मिली तो पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है मामला दर्ज करके आगामी जांच जारी है।

## मजदूरों को मिलने वाली आर्थिक राशि पर रोक नहीं हटाई तो होगा आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मनरेगा व भवन निर्माण मजदूरों को मिलने वाली सहायता राशि पर रोक लगने के बाद अब मजदूर यूनियन 5 जून को शिमला सचिवालय के बाहर मनरेगा व निर्माण मजदूर विरोध प्रदर्शन करेंगे।यूनियन के राज्य महासचिव व राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सुखू सरकार ने 12 दिसंबर 2022 को जारी पत्र के बाद मनरेगा मजदूरों और 8 फ?वरी को जारी पत्र के बाद भवन निर्माण मजदूरों को मिलने वाली सहायता राशी पर रोक लगा दी है। वर्तमान में बोर्ड में मजदूरों का पंजीकरण और नवीनीकरण भी रोक दिया गया और न ही मजदूरों के बच्चों को मिलने छात्रवृति जारी हो रही है। पूरे प्रदेश में साढ़े चार लाख मजदूर प्रभावित हो रहे हैं जो अब इस फैसले के खिलाफ सडकों पर उतर कर विरोध करने के लिए सरकार ने मजबूर कर दिए हैं।उन्होंने कहा कि सरकार मनरेगा और भवन निर्माण मजदूरों की मांगों को जल्द पूरा नहीं करती है तो मजदूर यूनियन पांच जून को सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेगी।

## महिला पहलवानों का शोषण बर्दाशत नहीं :रिंकू

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
देश में महिला खिलाड़ियों और पहलवानों का शोषण हो यह महिला कांग्रेस के लिए बर्दाशत नहीं होगा। मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष रिंकू चंदेल ने यह शब्द कहे । उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर में देश को गौरव दिलाने वाली महिला पहलवान धरने पर कई दिनों से बैठी है मगर सरकार कोई भी उचित कदम नहीं उठा रही है। सरकार का कोई भी उचित कदम ना उठाना देश के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने 4 माह पहले भारतीय कुश्ती



महासंघ के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन शोषण और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए और जंतर.मंतर पर कई दिन तक धरना दे रहे है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं को ही न्याय के लिए जंतर.मंतर पर बैठने को मजबूर होना पड़ रहा हैए यह शर्मनाक है। भाजपा सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पहलवान अपने मैडल विसर्जित करने की बात कर रहे हैं वह सही नहीं। महिला कांग्रेस आखिरी लड़ाई तक महिला पहलवानो के साथ खड़ी हैं जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता। उन्होंने कहा कि इस देश की संस्कृति रही है कि यहां पर महिलाओं का हमेशा ही समान हुआ है मगर केंद्र में बैठी सरकार इन महिला पहलवानों का सम्मान नहीं कर रही है और इनका जो आरोप है उस पर जांच भी नहीं हो रही है।

### न्यूज फ्लैश

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रा.वा.मा.पा कल्पा, रारंग व सुगरा ने हासिल किया क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान


**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जिला किन्नौर में सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्पा में जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कल्पा, निचार व पूह विकास खण्ड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक रिकांग पिओ के तिलक राज डोगरा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार वित्तीय साक्षरता के तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्पा की काव्य कुमारी व शिखा ने प्रथम स्थान जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रारंग के दिनेश कुमार व ईशिता ने दूसरा स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंगरा से मिश्रा व इश्मू ने तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि बैंक की तरफ से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 10 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 7500 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 5 हजार रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप उनके बचत खातों में अन्तरित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को जिला प्रबंधक द्वारा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर आरबीआई के भरत राज, विद्यालय के अध्यापकों व विद्यार्थियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों के लिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी जिला में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से मानसून से पहले बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए 6 जून को टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा। 8 जून को जिला में विभिन्न चिन्हित जगह पर बचाव तथा राहत कार्यों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी । इस कार्यक्रम को लेकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी रूपरेखा तैयार की है। जानकारी देते हुए अश्वनी कुमार ने कहा कि 8 जून को जिला के 5 स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान मंडी जिला में बाढ़ए भूस्खलन इत्यादि आपदाओं का खतरा बना रहता है।

## इंकमटैक्स टीम का कालाअंब में चौथा दिन, घर-फैक्ट्री-दफ्तर सब सील

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
केंद्र से आई आयकर विभाग की ढाई दर्जन से अधिक अधिकारियों की टीम चौथे दिन तक लगातार कालाअंब में डटी हुई है। सूत्रों की माने तो इनकम टैक्स विभाग अब अरबो के इस खेल का पूरा पदार्फाश करने के काफी नजदीक पहुंच चुका है और अलग-अलग जगह पर 4 दिनों से डटी हुई है। दोनों प्रमुख फैक्ट्रियों के पार्टनर के घरों पर भी पुलिस पहरे के साथ टीम के सदस्य जमे हुए हैं। जानकारी तो यह है कि केवल दो ही पार्टनर आयकर विभाग की टीम के कब्जे में है बाकी कहां है इसकी जानकारी किसी को नहीं



मिल पाई है। फैक्ट्रियों की लेबर वर्कर सहित सभी लोगों को फैक्ट्री के भीतर ही रखा गया है किसी को आने.जाने के लिए इजाजत तक नहीं दी जा रही है। यहां तक कि सभी के खाने और पीने-सोने आदि का इंतजाम भी आयकर विभाग के द्वारा ही किया जा रहा है। एचएनएन की टीम करीब शाम को 8:30 बजे के आसपास फैक्ट्री में एंट्री कर कर गई थी। मीडिया के द्वारा प्रेस ब्रीफिंग के लिए आयकर अधिकारी से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने फिलहाल कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा की जांच पूरी हो जाने के बाद पीआईबी के माध्यम से प्रेस रिलीज जारी की जाएगी। बावजूद इसके फैक्ट्री के ही सूत्र हाथ लगने के बाद कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई गई। बता दें कि 30 मई को सेंट्रल इनकम टैक्स की टीम के द्वारा सरस्वती स्पिनिंग मिल मोगिनंद और दूसरा त्रिलोकपुर स्थित प्लांट पर दबिश दी गई थी। पूरी की पूरी टीम 30 तारीख से अभी तक काला अंब सहित जीएसटी दफ्तर नाहन तक फैली हुई है। यही नहीं फैक्ट्री के सभी पार्टनर के घरों पर भी इनकम टैक्स के अधिकारी पुलिस के साथ दबिश दिए हुए बैठे हैं। सूत्रों की माने तो इनकम टैक्स की टीम ने अपना जांच का जरिया फैक्ट्री के टर्नओवर सहित फर्मों से खरीदे गए रॉ मैटेरियल, बिजली की खपत कर्मचारियों की संख्या और सेल आदि तक खुद जांच की जा रही है। इनकम टैक्स अधिकारियों के द्वारा खुद फैक्ट्री चलवा कर प्रोडक्शन आदि भी जांची जा रही है। असल में इन फैक्ट्रियों की गतिविधियां और कारोबार उस समय इनकम टैक्स विभाग के रडार पर आया जब सेंट्रल जीएसटी ऑल स्टेट जीएसटी ने अपनी कार्यवाही की थी। होता यह है कि जबसे जीएसटी में इंटीग्रेशन हुई है उसके बाद जीएसटी विभाग जो भी कार्यवाही करता है उसकी सूचना डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस को देनी होती है।

## लॉकडाउन के कारण हुए नुकसान का मुआवजा दे केंद्र : स्वाभिमान पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
राष्ट्रीय महत्व के 11 मुद्दों के समाधान के लिए 4 जून को जंतर-मंतर दिल्ली में राष्ट्र भक्तों के पुनः एक दिवसीय अनशन में देश भर से सैंकड़ो क्रांतिवीर पहुंच रहें हैं। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 30 अप्रैल के एक दिवसीय अनशन का केंद्र सरकार ने कोई नोटिस नहीं लिया अतः देश भर के क्रांतिवीर 4 जून को प्रातः 10 से सांय 5 बजे तक पुनःअनशन करेंगे।

## हरियाणा से आ रहे ट्रक से भारी मात्रा में चूरा-पोस्त बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पांवटा साहिब के बातापुल, बहराल में गश्त पर निकली पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है, जहाँ हरियाणा से पावंटा साहिब आ रहे ट्रक से भारी मात्रा में भुक्की और चूरापोस्त बरामद किया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य आरक्षी नवीन कुमार नंबर-110 अन्वेषणकर्ता थाना पावंटा साहिब थाने में दर्ज हुआ है।जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सुचना मिली की ट्रक



नंबर एचपी-17एफ.9695 का चालक इअखतर अली पुत्र महबूब अली निवासी सैनवाला मुबारिकपूर तह. पाँवटा साहिब अपने ट्रक में काफी मात्रा मे भुक्की/चुरा पोस्त छुपाकर हरियाणा की तरफ से पाँवटा साहिब की तरफ आ रहा है जोकि कुछ ही समय मे बहराल पहुचने वाला है।मुखबिर से मिली सूचना पर कहा की यदि उपरोक्त ट्रक को रोककर तलाशी ली जाए तो भारी मात्रा मे भुक्कीध्चुरा पोस्त बरामद हो सकती है।जिस पर यह मय मुलाजमान के पुलिस चैक पोस्ट बहराल पहुँचा, ट्रक हरियाणा की तरफ से आया जिसे रुकने का इशारा किया गया, ट्रक चालक ने ट्रक को सडक किनारे रोका तथा गाडी से नीचे उतर गया। बॉक्स में एक कपडा चैकदार बरंग सफेद व काला में 07 प्लास्टिक के लिफाफा गांठ मारकर रखे बरामद हुए। और जिन्हे खोल कर चैक किया गया तो सभी प्लास्टिक लिफाफा मे भूरे रंग का चूरा नुमा पदार्थ पाया गया जोकि अनुभव के आधार पर भुक्की/चूरा पोस्त पाया गया। डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि तोलने पर बरामद हुई भुक्की/चूरा पोस्त का वजन 3.890 केजी पाया गया, जहाँ धारा 15-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाई जारी है।

## महिला के प्रेमी ने की उसके पति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**▶▶प्रारंभिक पूछताछ में सलमान ने मृतक शाहिद की पत्नी से संबंध और शाहिद की हत्या की बात कुबूल की है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के जगतपुर में एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि व्यक्ति की लाठी डंडों और ईंट से पीट कर हत्या की गई है। सिरमौर पुलिस ने महज 5 घंटों में हत्या की गुत्थी सुलझा दी है। इस संबंध में जगतपुर गांव के ही निवासी सलमान नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सलमान ने मृतक शाहिद की पत्नी से संबंध और शाहिद की हत्या की बात कुबूल की है। जानकारी के मुताबिकए जगतपुर गांव के शाहिद नाम के एक व्यक्ति की बीते कल हत्या हो गई थी। आज सुबह लगभग 10 बजे शाहिद का शव घर के समीप एक बंद कारखाने से बरामद हुआ। मृतक की पहचान 35 वर्षीय शाहिद के रूप में हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक और उप अधीक्षक खुद मौके पर पहुंचे और महज 5 घंटों के अंदर इस मर्डर मिस्ट्री का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में उसी गांव के सलमान नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में ही सलमान ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि आरोपी ने शुरूआती पूछताछ में बताया है कि उसका मृतक की पत्नी के साथ संबंध था। लिहाजा त्रिकोणीय प्रेम संबंध को ही इस हत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का चंबा से हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
सदर विधायक नीरज नैय्यर ने शुक्रवार को चंबा विधानसभा क्षेत्र के करियां में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता-2023 का विधिवत शुभारंभ किया।हिमाचल प्रदेश कराटे एसोसिएशन के सौजन्य से आयोजित की जा रही सब जूनियर कैडेट जूनियर अंडर-21 और सीनियर राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश के 8 जिलों के लगभग 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शुभारंभ अवसर पर सदर विधायक ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाडि?ों को बधाई देते हुए कहा कि खेल को स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता की भावना से खेलना




चाहिए।खेलकूद से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे नैय्यर ने कहा कि जिला वासियों के लिए भी एक गौरव का पल है कि पहली बार चंबा में कराटे की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने हिमाचल प्रदेश कराटे एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खेलों से जहाँ युवा नशे इत्यादि से दूर रहते हैं वहीं दूसरी और उनके मन में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि कराटे प्रतियोगिता में खिलाडी आत्मरक्षा के गुर सीखता है। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में लड़कियों की अधिक संख्या है। लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे जैसी प्रतियोगिता में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को 11 हजार रुपए की धनराशि देने का भी ऐलान किया। हिमाचल प्रदेश कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण मैहता ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए दो दिवसीय जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता की रूप रेखा से अवगत करवाया। समारोह के दौरान विधायक नीरज नैयर को हिमाचल प्रदेश कराटे एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिला लोक संपर्क अधिकारी सुभाष कटोच, हिमाचल प्रदेश कराटे एसोसिएशन के फाउंडर जनक राज जमवाल,सहित आदि मौजूद रहे।

## पड़ोसी युवक ने नबालिगा से किया गलत काम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
जिला मुख्यालय के साथ लगते 12 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुराचार हुआ है। पुलिस ने पीड़िता के मां की शिकायत पर पड़ोस के ही 20 वर्षीय युवक के खिलाफ पोस्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वीरवार देर शाम रोजाना की तरह काम से लौटी, तो पाया कि छोटी बेटी घर पर नहीं थी। बड़ी बेटी ने बताया कि बहन साथ के पड़ोसी के घर है। बेटी को पड़ोस के घर से लाकर पूछा, तो पता चला कि युवक ने गलत काम किया है।

# मोदी सरकार ने देश को बनाया विश्व की पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत: धूमल

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

कोई समय था जब भारत को भीख मांगने वालों और सपेरों का देश कहकर दुनिया वाले जानते थे लेकिन आज भारत विश्व भर में पांचवी बड़ी आर्थिक ताकत बनी है और उम्मीद है कि आने वाले कुछ वर्षों में यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी यह मोदी सरकार का करिश्मा है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने वीरवार को हमीरपुर जिला में भिन्न भिन्न स्थानों पर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत करते हुए यह बात कही। महा जनसंपर्क अभियान के तहत आज गुरुवार को हमीरपुर



जिला के कैहरवींए मटनसिद्ध, हमीरपुर वार्ड नंबर 8 और गोपाल नगर व दड़ूही पंचायत के बुद्धिजीवियों के साथ महा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन अंग्रेजों ने हमपर 200 वर्ष तक राज किया उनको पछाड़ कर भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है और इंग्लैंड छठे नम्बर पर रह गया है। आज मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत की जीडीपी दर 6.1 प्रतिशत है जो की अमेरिका की 2 प्रतिशत और चाइना की लगभग पांच प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। यही नही इसका बढकर 7.2 प्रतिशत होने का अनुमान है जो विश्व में सबसे अधिक होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है सीमाएं सुरक्षित हुई हैं आर्थिक क्षेत्र में विश्व स्तर पर भारत में अभूतपूर्व विकास हुआ है सडकों रेलमार्ग और हवाई यातायात क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है उज्ज्वला योजना में साढ़े नौ करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर मिला बारह करोड़ शौचालय बना कर दिए इससे पहले कई प्रदेशों की महिलाएं अंधेरा होने का इंतजार करती ताकि वह खुले में शौच जा सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है विश्व की बड़ी बड़ी आर्थिक महा शक्तियों के राष्ट्रपति खुद ढूंढते हुए आकर हमारे प्रधानमंत्री को मिलते हैं और उनको अपना सबसे बेहतरीन दोस्त बताते हुए उनका धन्यवाद व्यक्त करते हैं और उनका ऑटोग्राफ मांगते हैं कोई राष्ट्रपति तो सबके सामने झुक कर उनको प्रणाम करने से भी गुरेज नहीं करते और ऐसे इसलिए हुआ है क्योंकि कोरोनावायरस के आंतक के समय भारत ने ना केवल वैक्सीन बनाई बल्कि दुनिया के कई देशों को यह वैक्सीन उपलब्ध करवाई। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के 80 करोड़ लोगों को 28 महीने तक मुफ्त में राशन उपलब्ध करवाया भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक को कोविड-19 वैक्सीनेशन मुफ्त में करवाया।

## महिला पटवारी से मारपीट मामले ने पकड़ा तूल

### संयुक्त कानूनगो पटवार संघ ने डीसी कार्यालय में किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला ऊना के अंब उपमंडल के तहत एक गांव में निशानदेही करवाने गई महिला पटवारी और कानूनगो के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को संयुक्त कानूनगो एवं पटवार संघ की जिला इकाई ने एकजुट होकर डीसी कार्यालय में इस मामले को लेकर रोष प्रदर्शन किया एवं उन्होंने कार्यकारी उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई। संयुक्त कानूनगो एवं पटवार संघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार की अगुवाई में तमाम राजस्व कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय परिसर के बाहर हल्ला बोल किया। राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एकजुटता से इस घटना की न सिर्फ कड़े



शब्दों में निंदा करते हैं, अपितु आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने की भी मांग करते हैं जिसे पूरा किया जाना चाहिए। जिला कानूनगो एवं पटवार संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने इस मामले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि ऐसे माहौल में राजस्व कर्मचारियों का फील्ड में उतर कर काम करना मुश्किल हो जाएगा। यदि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है तो आने वाले दिनों में इस प्रकार की और घटनाएं देखने को मिलेंगी वहीं कर्मचारियों का मनोबल भी टूटेगा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में न लाई गई तो संयुक्त पटवार कानूनगो संघ द्वारा और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर महासचिव पवन कुमार, अशोक शर्मा, विपन कुमार, अश्वनी कुमार, सतीश कुमार, अच्छर राम, विजय कुमार, कुलदीप कुमार व संजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### राजकीय उच्च विद्यालय खलाणू के 3 विद्यार्थी एनएमएमएसएस के लिए चयनित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

2 जून 2023 को एससीईआरटी सोलन द्वारा जारी किए गए एनएमएमएसएस के परिणाम सूची में जिला मंडी के शिक्षा खंड साइगलू के अंतर्गत आने वाली सीसे स्कूल खलाणू के 3 विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज करवाया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान केसर सिंह ठाकुर ने बताया कि फरवरी माह में एससीईआरटी सोलन द्वारा छात्रवृत्ति के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में विद्यालय के 8 बच्चों ने हिस्सा लिया था। इस परीक्षा का परिणाम आज जारी हुआ है जिसमें हमारे विद्यालय की गुंजन, शालिनी और राजकुमार का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि इन तीनों बच्चों को अगले 4 साल के लिए हर महीने के रू 1000 के हिसाब से कुल रू 48000 की राशि बतौर छात्रवृत्ति मिलेगी। बच्चों की इस कामयाबी में बच्चों की मेहनत के साथ-साथ विद्यालय में कार्यरत सभी अध्यापकों की मेहनत का भी बहुत बड़ा योगदान है। विद्यालय हर क्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मार्च महीने में विद्यालय की प्रबंधन समिति को जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ था उसके पश्चात विद्यालय के 2 बच्चे साईं स्कूल धर्मपुर के लिए चयनित हुएए उसके पश्चात दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें सभी बच्चों ने प्रथम डिवीजन में परीक्षा उत्तीर्ण की है। आज विद्यालय को तीन और उपलब्धियां हासिल हुई है एक विद्यालय के 3 बच्चों का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है और दूसराए खंड स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय ने वॉलीबॉल और बैडमिंटन में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में और भी बेहतर परिणाम आएंगे। उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए तीनों बच्चों को और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है।

### अमेजॉन फैशन पर वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल का 12वां संस्करण 1 से शुरू होकर 6 जून तक चलेगा

**शिमला:** अमेजॉन फैशनने अपने बहुप्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट, वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल के 12वें संस्करण की घोषणा की है, जिसमें सबसे पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर डील्स मिलेंगी जो आपको अपने वॉर्डरोब को नया रूप देने के लिए प्रेरित करेंगी। गर्मियों का मौसम अपने चरम पर है और मानसून बस आने ही वाला है, ऐसे में अब समय आ गया है कि आप अपने लुक को वाइब्रेंट ह्यूज, फ्लोई सिलुएट्स और ब्रीजी फैशनेबल आउटफिट्स के साथ जीवंत बनाएं। समर ड्रेसेस से लेकर ट्रेंडी एक्सेसरीज और फुटवियर तक, सभी स्टाइलिश चीजों के लिए यह आपका वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। आपका क्या प्लान है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हमने आपको अपैरल, जूते, हैंडबैग, घड़ियां, ज्वेलरी, किड्स वियर, ब्यूटी उत्पाद, लक्जरी ब्यूटी आदि में फैशन और ब्यूटी सिलेक्शन में सर्वश्रेष्ठ के साथ कवर किया है। गुरुवार, 1 जून 2023 से शुरू होकर सोमवार, 6 जून 2023 तक चलने वाले 6-दिवसीय शॉपिंग इवेंट के दौरान ग्राहक 4 लाख से अधिक स्टाइल्स पर 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक की छूट (नियम व शर्तें लागू) का लाभ उठा सकते हैं। वैन हुसैन, बीबा, लिवाइस, यूएस पोलो एसोसिएशन, प्यूमा, एडिडास, द बॉडी शॉप, लक्मे, लोरियल पेरिस, फॉरेस्ट एसेंशियल, अमेरिकन टूरिस्टर आदि सहित 1000 से ज्यादा टॉप ब्रांड्स से चयन करें। इसके अलावा, ग्राहक अपने पहले ऑर्डर पर मुफ्त डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं और 20 प्रतिशत कैशबैक* (नियम एवं शर्तें लागू) प्राप्त कर सकते हैं और 2 या अधिक उत्पादों की खरीद पर 30 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं, और प्राइम मेंबर्स 2000 रुपए या इससे ज्यादा की खरीदारी पर अतिरिक्त एपे का लुत्फ उठा सकते हैं। खरीदार इन ऑफर्स का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं और सीजन के सर्वश्रेष्ठ ट्रेंड्स को प्राप्त कर सकते हैं। जब गर्मियों के दौरान फैशनेबल रहने और आने वाले मानसून के मौसम की तैयारी करने की बात आती है, तो अमेजॉनफैशनआपकी स्टाइल को बढ़ाने के लिए विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।

## डीपीआरओ मंडी ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो, मंडी द्वारा सेरी मंच पर लगाई गई प्रदर्शनी के तीसरे दिन के विशेष अतिथि विनय कुमार शर्मा, जिला सूचना एव जन सम्पर्क अधिकरण रहे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतियोगिताओं के विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी का विषय भारत सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण। प्रदर्शनी में भारत सरकार के नौ साल कि उपलब्धियों को चित्रों के माध्यम से दशार्या गया। प्रदर्शनी मे काफी संख्या मे लोग आ रहे है और प्रदर्शनी से भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे है। प्रदर्शनी स्थल पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं से चित्र कला, नारा लेखन व निबंध लेखन प्रतियोगिता, करवाई गई। एक ओपन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कु. चाहत शर्मा ने प्रथम स्थान कु. निकिता ने द्वितीय कु. तनीषा तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में कु. रिया शर्मा ने प्रथम स्थान, कु. बलजीत कौर ने द्वितीय स्थान व कु. आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बच्चो ने हैंड स्टैंड वाक कर पार की 1265 मीटर लंबी टिहरा टनल

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**

प्रगति समाज सेवा समिति के संस्थापक के संस्थापक सुनील शर्मा के नेतृत्व में उनके द्वारा प्रशिक्षित बच्चों ने नशा मुक्त समाज को लेकर किरतपुर नेरचौक नेशनल हाइवे पर 1265 मीटर लम्बी टिहरा टनल में हैंड स्टैंड वाक कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। सुनील शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त समाज और जाति मुक्त समाज के बैनर तले टिहरी टनल में उनके द्वारा 21 प्रशिक्षित बच्चो ने भाग लिया जिसमे दीपांशु और शिवम ने 1265 लम्बी टँनल में हैंड स्टैंड वाक कर चालीस मिन्ट में पूरा किया।




उन्होंने बताया कि बच्चो के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज मे जाती धर्म के नाम पर भेदभाव मिटाकर समाज को एकजुट करने की कोशिश कर रहे है। ताकि समाज नशा मुक्त और जाति मुक्त हो सके। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा प्रशिक्षित बच्चे हर शनिवार 6 से 10 किलोमीटर दौड़ लगा कर बच्चे समाज को नशा से दूर रहने और जाती का भेदभाव को खत्म कर आपसी तालमेल में रहने का सन्देश देते है। अभी तक बच्चे 117वी दौड़ सम्पन कर चुके है। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ रहा चिट्टा और अन्य जानलेवा नशे के प्रचलन को लेकर सरकार को नशा करने वालो से पहले नशा बेचने वालों पर शिकंजा कसना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ एक नशीले प्रदार्थो पर देवी देवताओं के फोटो होते है उनपर भी प्रतिबन्ध लगना चाहिए क्योंकि भगवान की फोटो लगाकर नशेली पदार्थो को बेचना देवी देवताओं का अपमान है।

## सिरमौर के काटली प्रधान की शक्तियां छीनी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पच्छाद उपमंडल की काटली पंचायत के प्रधान पर जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। सरकारी धन और संपत्ति का दुरुपयोग करना पंचायत प्रधान को भारी पड़ गया है। उपायुक्त सिरमौर ने प्रधान धर्मपाल से छह माह के लिए सभी शक्तियां उपप्रधान मनोज गौतम को दे दी हैं। साथ ही प्रधान पर पंचायत के किसी भी कार्य में दखल करने और कार्यवाही में हिस्सा लेने पर भी पाबंदी लगा दी है। बता दें कि काटली पंचायत पिछले लंबे समय से विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर काफी सुर्खियों में रही है। प्रारंभिक

**पच्छाद उपमंडल की काटली पंचायत के प्रधान पर जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है।**

जांच के दौरान पंचायत प्रधान का निलंबन पहले ही हो चुका था। हाल ही में वह बहाल भी हुए थे इसके बाद नियमित जांच में प्रधान के खिलाफ सरकारी सीमेंट के दुरूपयोग का आरोप सिद्ध पाया गया। हालांकि, पंचायत प्रधान ने भी अपना पक्ष रखा, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई गई आरोप है कि पंचायत के कार्य के लिए 1104 सीमेंट के बैग का प्राकलन तैयार किया गया। जबकि, 1200 बैग सीमेंट के खरीदे गए। जांच के बाद 96 बैग की अनियमितताएं पाई गईं। इसकी वसूली प्रति बैग 293 रुपये के हिसाब से आरोपी को पंचायत के खाते में जमा करने के आदेश हुए हैं।

बता दें कि करीब छह माह पहले काटली पंचायत के प्रधान धर्मपाल पर ग्रामीणों ने सीमेंट की हेरा-फेरी के आरोप लगाए थे। लिहाजा, उपायुक्त सिरमौर ने सिरमौर ने एसडीएम पच्छाद को जांच अधिकारी नियुक्त कर मामले में रिपोर्ट सौंपने के आदेश किए थे। इसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपे जाने के बाद कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## तलमेहड़ा में लगाया योग शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

आयुष विभाग खुरवाई की तरफ से शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला तलमेहडा में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान योगा इंस्ट्रक्टर खुरवाईं विजय शर्मा द्वारा योगा प्रोटोकॉल के अनुसार स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, चक्रासन, बृजआसन, भुजंगासन, शलभ आसन, कपाल भारती, अनुलोम विलोम, बजरंग आसन, ध्रुवाआसन, सिद्धासन, पद्मासन, वृक्षासन, ध्यान प्रणाम आदि योग करवाए गए।

## अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में सेब सीजन-2023 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रशांत सरकैक ने कहा कि सेब सीजन शुरू हो रहा है और बागवानी विभाग के एक अनुमान के अनुसार इस साल जिला में पिछले साल की तुलना में सेब की फसल कम है। वह सोमवार को जिला परिषद कुल्लू के सभागार में सेब सीजन-2023 के दौरान किए जाने वाले जरूरी प्रबंधों और तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेब सीजन सुचारू ढंग से चले इसके लिये अभी से सभी हितधारक तैयारियां शुरू कर दें। बैठक में अवगत करवाया गया कि सेब विपणन के लिये कार्टन की कोई कमी नहीं है। इसी प्रकार ट्रकों की भी कमी नहीं है। फल उत्पादक संघों व आढ़तियों ने इस बात को सुनिश्चित बनाया कि ट्रकों की उपलब्धता तथा किराये की दरें वे आपसी सहमति से तय कर लेते हैं। इसमें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आती है। प्रशांत सरकैक ने कहा कि जिला की किसी भी सब्जी मण्डी में बाहरी प्रदेशों से आने वाले ट्रक व छोटे वाहन पार्क न हो। एपीएमसी सचिव और पुलिस को यह सुनिश्चित बनाना है। ट्रक केवल फल व सब्जी लोड करने के लिए सब्जी मण्डी में प्रवेश करें



और तुरंत वहां से बाहर निकल जाएं। सब्जी मण्डियों के आस .पास यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए उन्होंने पुलिस को अतिरिक्त बलों की तैनाती करने को कहा। उन्होंने कहा कि मुख्य सडकों पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए जरूरी है कि मुख्य राजमार्ग के किनारे फल लाने व ले जाने वाले वाहनों की अनावश्यक पार्किंग न की जाए। इसके लिए कुछ और स्थलों का निर्धारण करने के लिए आरटीओ कुल्लू की अध्यक्षता में कमेटी गठन को कहा उन्होंने इस संबंध में आढ़तियों व ट्रक यूनियनों से भी सहयोग करने की अपील की। प्रशांत सरकैक ने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं से कहा कि विशेषकर सेब सीजन के दौरान संपर्क मार्गों को सही हालत में रखें। ट्रकों की उपलब्धता पर ट्रक यूनियनों ने कहा कि वे अपने स्तर पर यह व्यवस्था कर लेते हैं और ट्रकों को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं होती।

## उपायुक्त लाहौल स्पीति व एसपी ने किया केलांग बाजार का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/आंगारिया**

उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार व पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने संयुक्त रूप से केलांग मुख्यालय के मेन बाजार का निरीक्षण किया। उपायुक्त राहुल कुमार ने बाजार की सडक का निरीक्षण करने के उपरांत लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि बाजार की मुख्य सडक मार्ग की दशा को जल्द सुधारा जाएए और इस मार्ग के साथ पार्किंग की संभावनाओं को तलाशा जाए ताकी बाजार में जाम व पार्किंग की समस्या से निजात मिल सके द्य जिला परिषद सदस्य कुंगा बौद्धएव्यापार मंडल के प्रधान प्रकाशए बीडी सी के पूर्व चेयरमैन नोरबू छेरिंग व



अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा के उपरांत उपायुक्त ने केलांग बाजार में हर संभव सुविधाएं जुटाने का आश्वासन देते हुए कहा कि लोक निर्माण विभागए जल शक्ति व विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ कार्य योजना को लेकर जमीनी स्तर पर कारगर कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त राहुल कुमार ने जनजातीय संग्रहालय केलांग का भी निरीक्षण किया और बेहतरीन रखरखाव के लिए भी संग्रहालय के प्रभारी को निर्देश दिए। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि जिला लाहौल स्पीति का यह संग्रहालय हमारी धार्मिकए सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्य की वस्तुओं और सामग्रियों को एकत्र और संरक्षित किये हुए हैं। पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र ये संग्रहालय हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने में मददगार बना है, यह संग्रहालय पुरानी कलाकृतियों, मूर्तियों, वस्तुओं, इतिहास आदि का जीवंत भंडार हैं। लिहाजा युवा वर्ग व नई पीढ़ी के लिए यह संग्रहालय अपनीप्राचीन धरोहर, लोक कला, संस्कृति, परंपरा हथकरघा, हस्तशिल्प, चित्रकला जैसे बेजोड़ कलाकृतियों से रूबरू होने का एक बेहतरीन प्लेटफार्म है।

## मॉक एक्सरसाइज में हो सभी संसाधनों का उपयोग: हेमराज बैरवा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डीडीएमए के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 8 जून को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी मॉक एक्सरसाइज में अपने पास उपलब्ध सभी संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित करें और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस महत्वपूर्ण एक्सरसाइज का सफल बनाएं।

8 जून को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज के संबंध में डीसी ने दिए निर्देश

मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों के संबंध में वीरवार को यहां हमीर



भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए हर जिला में डीडीएमए के माध्यम से इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम आईआरएस कार्य करता है और इसमें सभी संबंधित विभागों की भूमिका पहले से ही तय की गई है। इसका मकसद आपदा प्रबंधन के लिए एक सुनियोजित एवं प्रभावी तंत्र विकसित करना है। उपायुक्त ने कहा कि आईआरएस के वास्तविक आकलन और इसमें लगातार सुधार के लिए मॉक एक्सरसाइज बहुत जरूरी होती हैं। इसलिए सभी अधिकारी 8 जून को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज को गंभीरता से लें तथा 6 जून को होने वाली टेबल टॉप एक्सरसाइज के लिए भी पूरी तैयारी के साथ आएं। उन्होंने बताया कि मॉक एक्सरसाइज में बाढ़ और भूस्खलन से बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान जिले में बाढ़ एवं भूस्खलन की आशंका वाले पांच स्थानों पर बचाव एवं राहत कार्यों को अंजाम दिया जाएगा। उपायुक्त ने सभी एसडीएम और डीडीएमए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस एक्सरसाइज में जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों, संस्थानों, प्रशिक्षित आपदा मित्रों और वालंटियर्स की भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में एडीसी जितेंद्र सांजटा, एसडीएम मनीष कुमार सोनी, आदि उपस्थित रहे।

## सरकार वर्षा और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई करें : बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शिमला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा की दिसंबर, जनवरी और फ रवरी के महीने में जो अपेक्षित बर्फ और बरसात होनी चाहिए थी वह नहीं हुई, किसान और बागबान का भारी मात्रा में इससे नुकसान हुआ।अप्रैल और मई के महीने में लगातार वर्षा और ओलावृष्टि का होना, आंधी तूफ ान का होना, इससे हिमाचल प्रदेश के किसान को भारी नुकसान हुआ है। जहां बागवान की फ सलें



टूट गई, झड़ गई, पेड़ टूट गए, ऊपर से उखड़ तक गए। वहीं पर किसान की खड़ी हुई फ सल बैठ गई।पिछले कुछ दिनों के अंदर एक अजीब और गरीब सा मौसम पूरे प्रदेश के अंदर व्याप्त है। ऐसे में किसान-बागवान व अनेकों ग्रामीण, शहरी लोग ऐसे हैं जिनके मकानों की छतें उड़ गई, मकान ध्वस्त हो गए, गाड़ियों के ऊपर पेड़ों के गिरने से भारी नुकसान हुआ।ऐसे में प्रदेश की सरकार की ओर से धरातल स्तर के ऊपर एवं जमीनी स्तर के ऊपर अभी कोई एसेसमेंट करते हुए लोगों के नुकसान की भरपाई की दिशा के अंदर कोई पद दिखाई नहीं दे रहा। हमारा आग्रह है कि सरकार इस मामले में मुस्तैदी के साथ काम करते हुए नुकसान का एसेसमेंट करते हुए किसान-बागबान व अन्य लोगों के नुकसान की भरपाई करें।

# जनकल्याण व विकास के अलावा सरकार का कोई एजेंडा नहीं: मुकेश अग्निहोत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों के साथ घालूवाल विश्राम गृह में बैठक की। बैठक के दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार का जनकल्याण और विकास के अलावा कोई एजेंडा नहीं है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दी गई गारंटियों और जनभावना के अनुरूप ही प्रदेश में कार्य किया जाएगा।

डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि जन भावना के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए अधिकारी और कर्मचारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों और स्थानीय नेताओं को विश्वास में लेकर कार्य को गति प्रदान करें। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विधानसभा क्षेत्र के विकास को आगे बढाने के लिए सभी अधिकारी हर संभव प्रयास करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से हरोली में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित कमियां जानी और उन्हें दूर करने के लिए उचित निर्देश जारी किए। उन्होंने हरोली, पंजावर व दुलैहड़ अस्पताल को सुद्दढ़ करने के लिए विस्तृत योजना तैयार करने के आदेश दिए। इसी तरह बिजली विभाग के अधिकारियों को भी बिजली की समस्या दूर करने और अनियमित्ताओं के मामले पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश मौके पर दिए गए। उन्होंने कृषि और पशु पालन विभाग के अधिकारियों को आवारा पशुओं की समस्या को दूर करने के लिए निर्देश दिए। खेतों की बाड़बंदी करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ललड़ी और हरोली में पशु अस्पताल को सुद्दढ़ करने के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग से नशे के मामलों से सख्ती से निपटने की बात कही। साथ ही स्थानीय नेताओं से अपील की कि किसी भी नशे तस्कर को बचाने की कोशिश न की जाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत राणा, सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी अशोक ठाकुर, जिला कांग्रेस महासचिव प्रमोद कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बिट्टू, वीरेंद्र मनकोटिया, जसपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मलबे में दबी पशुशाला, तीन पशुओं की मौत

▶▶ घायल गाय का उपचार जारी है जल्द ही पशु मालिक को डेथ सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल प्रदेश में पिछले 2-3 दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है। वहीं भारी बारिश से प्रदेश में फसलों को भी काफी नुक्सान पहुंचा है। इसी के साथ इस तेज बारिश में कहीं किसी की जान गई है तो कहीं सैंकड़ो गाडि1;ा क्षतिग्रस्त हुई है। ताजा मामला जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह में पेश आया है, यहां पहाड़ी से अचानक भारी-भरकम मलबा एक पशुशाला पर आ गिरा। हादसे में तीन पशुओं की मौत हो गई है, जबकि एक गाय घायल हुई है। घायल गाय का उपचार जारी है।जानकारी के मुताबिकए धर्म



पाल पुत्र हीरा पाल भलोना की पशुशाला पर मूसलाधार बारिश के चलते अचानक मलबा आ गिरा और अंदर बंधे चार पशु मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में तीन पशुओं की मौत हो गई है, जबकि एक गाय घायल हुई है। वेटरनरी फार्मासिस्ट विक्की कुमार का कहना है कि घायल गाय का उपचार जारी है जल्द ही पशु मालिक को डेथ सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे।

मामले की पुष्टि पटवारी सुरेश शर्मा ने की है। वहीं एसडीएम का कार्यभार देख रही तहसीलदार संगड़ाह प्रोमिला धीमान ने कहा कि मामले की जाँच की जा रही है।

## बाइक की चपेट में आकर महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

अंब बाजार के मुबारिकपुर रोड़ पर बाइक की चपेट में आकर 60 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। मृतक कौशल्या देवी पत्नी खुशी राम अंब कस्बे की ही रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद आरोपित चालक बाइक समेत मौके से फरार हो गया। हादसे के सूचना मिलने पुलिस ने केस दर्ज करके मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। जानकारी के अनुसार वीरवार शाम पैदल सडक किनारे जा रही कौशल्या देवी को अंब के मुबारिकपुर रोड़ पर बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने एक बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी।

# शिमला जिला के पांच स्थानों में 8 जून को मेगा मॉकड्रिल: शिवम प्रताप सिंह

▶▶ गत दिवस को बचत भवन में जिला स्तरीय ऑरियेंटेशन व समन्वय कान्फ्रैंस का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

अतिरिक्त उपायुक्त शिमला शिवम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस को बचत भवन में जिला स्तरीय ऑरियेंटेशन व समन्वय कान्फ्रैंस का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 8 जून, 2023 को शिमला के मल्याणा, रोहडू, रामपुर चौपाल, ठियोग के चिन्हित पांच स्थानो पर संभावित बाढ और भूस्खलन के द्दष्टिगत मॉकड्रिल होगी। उन्होंने संबन्धित विभागीय



अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मॉकड्रिल में वास्तविक आपदा से निपटने जैसे ही प्रबंध किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा घटित होने की स्थिति को रोका नहीं जा सकता लेकिन समय रहते आवश्यक प्रबंध करने से उत्पन्न स्थिति से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। माकड्रिल आयोजन का यही उद्देश्य हैं ताकि आपद स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास कर सम्बद्ध विभाग अपनी मशीनरी व मैन पॉवर को पूर्णतया चुस्त-दुरूस्त व सक्रिय रखे। उन्होंने उपस्थित उपमंडलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सम्बद्ध उपमंडलों में माकड्रिल के लिए चिन्हित स्थलों पर आयोजन की पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल की निर्धारित तिथि व आयोजन सम्बन्धी तैयारियों में स्थानीय लोगों की सहभागिता दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां इस पूर्वाभ्यास का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने बारे सम्बद्ध विभागों में आपसी समन्वय व तालमेल स्थापित करना है वहीं समाज के आम लोगों में जागरूकता लाना भी है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, सहायक आयुक्त डॉ. पूनम, उपमंडलाधिकारी रोहडू, रामपुर चौपाल, ठियोग तथा सम्बद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आषाढ़ नाग मेले के आयोजन हेतू पधर मैदान की अल्पकालीन नीलामी के लिए मोहरबन्द निविदाऐं आमन्त्रित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपाध्यक्ष भूरू नाग मेला कमेटी एवं तहसीलदार डलहौजी रमेश कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमंडल प्रशासन द्वारा 21 से 24 जून 2023 तक पधर मैदान में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले के आयोजन हेतू पधर मैदान बनीखेत की अल्पकालीन नीलामी शर्तों सहित हेतू मोहरबन्द निविदाऐं आमन्त्रित की जाती हैं। मेला कमेटी द्वारा मैदान की न्यूनतम नीलामी बोली मुवलिग 25,00,000/- पच्चीस लाख मात्र रुपए निर्धारित की गई है। प्रत्येक निविदा मुवलिग 10000/- रुपए प्रतिभूति के साथ स्वीकार की जायेगी तथा अधिकतम कीमत वाले बोलीदाता द्वारा करवाई गई प्रतिभूति मुवलिग 10000/-रुपए अप्रतिदेय होगी।

### कटोला में धूमधाम से मनाया बाबा बालक नाथ जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

बाबा बालक नाथ जी का जन्मोत्सव कटोला स्थित मंदिर में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के भगत राम गोपाल द्वारा नाहन के युवा गायक विशाल द्वारा गाए गए मेरे पोनाहारिया भजन व पोस्टर का विमोचन किया गया। इस भजन में बाबा बालक नाथ जी की गाथा का वर्णन किया गया है। भजन में लेखक और गायक विष्णु विशाल है। भजन में म्यूजिक पासी केसरी ने दिया है। वीडियो रिकॉर्डिंग पानीपत के रमन द्वारा की गई है। भजन को अंबाला और चंडीगढ़ में रिकॉर्ड किया गया है। बाबा बालक नाथ जी के जमोत्सव के मौके पर कटोला में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस भंडारे में स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा हरियाणा से आए श्रद्धालुओं ने भी सेवा किनार प्रसाद ग्रहण किया।

### धर्मशाला के नितिन सूद बने शैल लुब्रिकेंट्स सपने होंगे अपने पहल के पहले विजेता




**धर्मशाला:** फिनिश्ड लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए सपने होंगे अपने पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी।शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने सपने होंगे अपने पहल के पहले विजेता की घोषणा की है,धर्मशाला के नितिन सूद का कहना है मै पिछले 6.7 वर्षो से शैल लुब्रिकेंट्स से जुड़ा हूं और मुझे उनकी टीम ने ही इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मैं अपने ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी और अपनी दुकान में विस्तार कर अपनी आमदनी बढ़ाने का सपना देखता हूं। शैल शेयर प से जुड़े 80000 से अधिक मैकेनिक्स तक पहुंचने का इरादा रखने वाली पहल सपने होंगे अपने भारत में मैकेनिक्सि को वित्तीय रूप से सशक्त बनाते हुए उनके सपनों को पूरा करने तथा भविष्य मजबूत बनाने में मदद करेगी। अमित घुघरे,ऑटोमोटिव सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर,शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने कहा शैल में हमने पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के मैकेनिक समुदाय को सहयोग देने तथा सशक्त बनाने के प्रयास किए हैं।ये हर सफर को कामयाब बनाने के लिए अपने गहन अनुभवों, अपरिहार्य जानकारी और जबर्दस्त कार्य मूल्यों के चलते शैल के भरोसेमंद पार्टनर हैं।सपने होंगे अपने उनके प्रयासों के प्रति हमारी सराहना है और हमें उम्मीद है कि यह उन्हें और उनके परिवारों को जी.भरकर सपने देखने के लिए प्रेरित करेंगे। यह शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा ट्रेड कम्युनिटी के लिए किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में विस्तांर है और उन्हें अपने हुनर बढ़ाने तथा अपनी वर्कशॉप अपग्रेड करने के साथ.साथ उनके जीवन में मूल्यरवर्धन करने का अवसर लेकर आयी है। इस कैम्पेन से जुड़ने के लिएए मैकेनिक्स को शैल शेयर प पर लॉग ऑन कर एक हफ्ते में कम से कम पांच स्कैन करने होंगे और सपने होंगे।

# जिला परिषद भवन सभागार में जिला भाजपा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

## पूर्व मुख्य मंत्री मंत्री जयराम ठाकुर एवं प्रदेश संगठन मंत्री सिधार्थन का मिला मार्गदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

कुल्लू जिला भाजपा पदाधिकारियों की बैठक जिला परिषद सभागार भवन में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मुख्य मंत्री जयराम ठाकुर एवं भाजपा संगठन मंत्री सिधारथन का विशेष मार्गदर्शन मिला। पूर्व मुख्य मंत्री ने बताया कि 14 जून को रथ मैदान कुल्लू में भाजपा की बड़ी रैली होगी जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा संबोधित करेंगे।उन्होंने बताया कि मंडी लोकसभा के 17 विधान सभा क्षेत्र से इस रैली में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में रैली की तैयारियों व प्रबन्ध को ले कर व्यापक चर्चा की गई।इस अवसर पर पूर्व मुख्य मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को 2024 के लोकसभा चुनावों की द्दष्टिगत कमर कसने को कहा।उन्होंने ने वर्तमान कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस सरकार में सभी विकास कार्य ठप हो गए हैं।विकास की गति पूर्णतया रुक गई है।यह सरकार छल करके सता में आई है और अब गारंटियों के नाम पर प्रदेश की जनता से छल कर रही है। प्रदेश की जनता अपने साथ हुए छल का आने वाले 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रदेश की चारों सीटों पर भाजपा को जीता करके लेगी। प्रदेश संगठन मंत्री सिध्दार्थन ने इस अवसर पर बताया कि प्रदेश के 7800 बूथों पर बूथ सशक्तिकरण का कार्य 10 जून तक पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इससे पूर्व एपूर्व शिक्षा मंत्री गोबिंद ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष व जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा ने संगठन मंत्री का शाल व टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मण्डी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राकेश जम्बाल, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, पूर्व विधायक महेश्वर सिंह प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर,सहित आदि उपस्थित रहे।

## पिपलू मेले में दो गुटों के बीच मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना बंगाणा के तहत पिपलू मेले में दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में दोनों ओर से युवकों को चोटें पहुंची है। पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में साहिल राणा निवासी हटली ने बताया कि गत दिवस अपने साथी विक्रांत राणा व विक्रांत शर्मा के साथ पिपलू मेला देखने गया हुआ था। इस दौरान रेशम व अन्य साथियों ने विक्रांत राणा को थप्पड़ मार दिए। इतना ही नहीं एक दुकान से दराट उठा लिए और हमला कर दिया।

# थनिकपुरा में चिट्टे संग दो सगे भाई काबू

▶▶ जांच पड़ताल के दौरान कार सवार दो सगे भाईयों से पुलिस को 4.13 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना चिंतपुरणी के तहत थनिकपुरा में पुलिस ने दो सगे भाईयों को चिट्टे संग काबू किया है। 4.13 ग्राम चिट्टा रखने के आरोप में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक चिंतपूर्णी पुलिस की टीम वीरवार देर शाम थनिकपुरा में वर्षा शालिका के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान



ऊना की ओर से आ रही एक कार को रोक पुलिस ने तलाशी ली। जांच पड़ताल के दौरान कार सवार दो सगे भाईयों से पुलिस को 4.13 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पूछताछ के दौरान कार चालक की अभिनव ठाकुर व सक्षम ठाकुर निवासी कांगड़ा के रूप में हुई है। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने कहा कि पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया हैं। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# आओ मिलकर करे श्रमदान, करसोग को स्वच्छ बनाने में करें योगदान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पर्यावरण और धरती को बचाने और अपने करसोग को स्वच्छ बनाने के लिए करसोग में 4 जून रविवार को ही सफाई महाअभियान चलाया जाएगा। दो घंटे के इस महाभियान में समूचे करसोग क्षेत्र को साफ व स्वच्छ किया जाएगा। एसडीएम करसोग ओम कांत ठाकुर ने नगर पंचायत, क्षेत्र के सभी व्यापारियों, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों और क्षेत्र के मिडिया से इस महाभियान में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।एसडीएम ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस



हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में करसोग क्षेत्र में 4 जून को छुट्टी के दिन नगर पंचायत करसोग, उप-तहसील कार्यालय पांगणा, खंड विकास कार्यालय चुराग, सभी संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालयों और स्थानीय गांव व वार्डो में सुबह के समय 8.30 बजे से 11 बजे तक सफ ाई अभियान चलाया जाएगा। उसके उपरांत 11 बजे पर्यावरण बचाव शपथ दिलाई जाएगी। जबकि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौध रोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष, नगर पंचायत करसोग के अध्यक्ष, विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान, उप-प्रधान तथा करसोग क्षेत्र के हर स्तर पर निर्वाचित सभी राजनीतिक, संवैधानिक, गैर-संवैधानिक सदस्यों, विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले जैसे बैंक अधिकारी, कर्मचारी, वकील, व्यापारी, सरकारी व गैर-सरकारी हरेक करसोगवासी तथा स्वयं सहायता समूहों के साथ-साथ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं को भी इस कार्यक्रम से संबंधित जागरूकता फैलाने और इस अभियान का हिस्सा बनने का आहवान किया है।उन्होंने कहा कि इस बार का थीम रखा गया है। उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति अपने स्तर पर श्रमदान या इस संबंध में कोई और दान कर सकता है। उन्होंने कहा कि सचिव नगर-पंचायत करसोग को करसोग नगर क्षेत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया।

# हरियाणा की शराब की आड़ में चल रही नकली शराब बनाने का धंधा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

अवैध शराब के कारोबार को लेकर सिरमौर का कोलर गांव इन दिनों प्रदेश की चर्चा और चिंता का विषय बन गया है। वहीं लगातार 1 दर्जन से अधिक बार पुलिस के हत्थे चढ? के बावजूद इनका अवैध शराब का कारोबार बदस्तूर जारी है। बीते कल एसआईयू नाहन की टीम के द्वारा एचआर 26 अप्लाई फ ॉर 9404 हौंडा सिटी कार से 49 पेटी शराब की पकड़ी है। पकड़ी गई शराब सेल फॉर चंडीगढ़ है जिसे कोलर के कुणाल उर्फ कन्नू पुत्र रणवीर सिंह जिसकी उम्र 19 साल है से बरामद की गई है। अब सवाल यह उठता है कि एक ही परिवार



पर दर्जनों मामले अवैध शराब के दर्ज हो चुके हैं बावजूद इसके अवैध शराब तस्करी का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यही नहीं इनके 1 दर्जन से अधिक वाहन अवैध शराब के साथ सिरमौर पुलिस सीज भी कर चुकी है। यह सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि कहीं बाहरी राज्य से लाई गई शराब की आड़ में खुद बनाई गई नकली शराब तो नहीं बेची जा रही है। हालांकि जिला सिरमौर पुलिस कप्तान ने एक स्पेशल टीम को इनका नेक्सेस तोड़ने के लिए फ्री हैंड भी किया हुआ है।यह पूरा का पूरा सिस्टम ऊना में भारी मात्रा में पकड़ी गई नकली लेवल वाली देसी शराब जैसा मिलता जुलता है। सवाल यह भी उठता है कि हरियाणा की सस्ती शराब की आड़ में खुद तैयार की गई शराब को खपाया जा रहा हो और पुलिस का ध्यान भटकाने के लिए बार-बार भारी राज्य की शराब को लाया जा रहा हो।हैरानी तो इस बात की है कि अवैध शराब के धंधे को एसआईयू के द्वारा ही बार बार क्रैक किया गया है तो माजरा पुलिस इस अवैध कारोबार को हल्के में क्यों ले रही होगी। जिला सिरमौर के पुलिस कप्तान सह कप्तान सहित पांवटा साहिब के डीएसपी नशा और शराब को लेकर काफी सख्त रवैया अपना चुके हैं।ऐसे में संबंधित क्षेत्र थाना की कार्यप्रणाली को लेकर भी संशय पैदा होते हैं। सवाल यह भी उठता है हरियाणा से जो एकमात्र शॉर्टकट रूट कोलर पहुंचता है वहां पर माजरा पुलिस मजबूत नाकेबंदी क्यों नहीं कर पाई है। जबकि अवैध शराब का जखीरा अक्सर इसी रूट से गांव तक पहुंचा है। इसके अलावा काला अंब सुकेती रोड से होकर और दूसरा बहराल से होकर रास्ता कोलर तक आता है। इन दोनों प्रमुख रास्तों पर सीसीटीवी कैमरा लगे हैं और बैरियर पर होमगार्ड अथवा पुलिस जवान तैनात रहते हैं।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखा हथियार चलाना



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला में चल रहा एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को शरीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, मैप रीडिंग व हथियार चलाना सिखाया गया। एनसीसी ऊना कमान अधिकारी ले. कर्नल राजिंद्र सैनी के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में एनसीसी विषयों के बारे में जानकारी दी गई। सैनी ने कहा कि समाजिक निर्माण में एनसीसी के कार्य बहुत अधिक है और हमें इस कार्य को निरंतर रखना चाहिए। इस अवसर पर जेसीओ, एनसीओ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## भारतीय संस्कृति और सभ्यता

**वैश्विक** स्तरपर करीब -करीब हर दिन किसी न किसी के नाम पर मनाया जाता है, जिसमें उस मनोनीत क्षेत्र रिश्ते या धर्म का रिश्ता प्रगाढ़य होता है। परंतु मेरा मानना है कि सभी दिवस से सबसे श्रेष्ठ दिन माता पिता दिवस है जिसको सम्मान समर्पण प्रेमभाव के साथ संपूर्ण विश्व में दिनांक 1 जून 2023 को मनाया गया। भारत में तो माता पिता दिवस को ईश्वर अल्लाह का दर्जा प्राप्त है। हर बच्चे के लिए उसके माता-पिता एक देवतुल्य देवदूत हैं जिन्होंने उसे अपनी आज की सफलताओं के शिखर पर पहुंचाया है। इसलिए अनेक शहरों नगरों स्कूलों में माता-पिता के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए गए और बड़ी संख्या में बच्चे युवक बड़े अपने माता पिता के साथ पहुंचे और बड़े बुजुर्गों माता-पिता की पूजा अर्चना की गई जिससे माता-पिता बुजुर्गों की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने कहा के बच्चों की खुशियों में ही हमारी खुशीयां है। हमारी भारतीय संस्कृति में ही माता-पिता का सम्मान है, इसलिए ही आज हर वक्तव्य में भारतीय संस्कृति सभ्यता से जुड़े रहने का आह्वान किया जाता है। वर्तमान पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से आधुनिक युवा उसके झांसे में आते जा रहे हैं और परिवार टूटते जा रहे हैं जिसे जागृत करने के लिए हमें माता-पिता दिवस, मातृ दिवस, परिवार दिवस जैसे अनेकों दिवसों का आयोजन हर समाज और पंचायत स्तरपर गंभीरता से करना चाहिए। मेरा मानना है कि यह दिवस वार्षिक नहीं बल्कि मासिक साप्ताहिक स्तरपर मनाना चाहिए जिससे आधुनिक युवकों में जागृति आएगी। जिस भव्यता से 1 जून 2023 को माता-पिता दिवस मनाया गया है उसमें भारतीय संस्कृति सभ्यता की गहरीगहराई का आभास हुआ। माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान देखकर अनेकों की आंखों में खुशियों के आंसू भर आए। बस! यही भारतीय संस्कृति और सभ्यता वैश्विक स्तरपर प्रसिद्ध है। हर व्यक्ति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे तो कोई हमारी संस्कृति को आहत नहीं कर सकता। सांस्कृतिक मूल्यों का हनन न हो, इसका सभी को ध्यान रखना होगा। माता पिता दिवस पर मनाए गए कार्यक्रम में बुजुर्गों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह अपने किस्म का एक अनूठा अनुभव था। चूंकि हमने आज माता-पिता दिवस मनाए हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे सुनिए जी ! मम्मी पापा आप अपने बच्चों के लिए खुदा से भी बढ़कर हैं। साथियों बात अगर हम माता पिता दिवस के महत्व की करें तो, वैश्विक माता-पिता दिवस बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह बच्चों की परवरिश और समाज को आकार देने में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है और सम्मानित करता है। यह परिवारों की भलाई के लिए बढ़ावा देने और वकालत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है और अगली पीढ़ी के पोषण में माता-पिता के मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देता है। यह पालन दुनियां भर में माता-पिता के प्यार, बलिदान और समर्पण पर प्रकाश डालता है, जबकि उनकी जिम्मेदारियों की गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देता है। माता-पिता के वैश्विक दिवस का उद्देश्य परिवारों के लिए जागरूकता, समर्थन और सकारात्मक परिवर्तन पैदा करना है, अंततः व्यक्तियों, समुदायों और बड़े पैमाने पर दुनियां की भलाई और विकास में योगदान देना है।

# प्रचंड के भारत दौरे से चीन चिढ़ सकता है !

अशोक भाटिया

> दोनों प्रधानमंत्रियों के साथ प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक हुई। इस दौरान अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, शिक्षा क्षेत्र और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर मंथन किया गया। भारत और नेपाल ने व्यापार और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी और उनके समकक्ष प्रचंड ने संयुक्त रूप से भारत और नेपाल के बीच मोतिहारी-अमलेखगंज तेल पाइपलाइन के फेज-2 का शिलान्यास किया। रेलवे के कुर्था-बीजलपुरा खंड की ई-योजना का भी अनावरण किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक भारतीय रेल कार्गो ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को नेपाल आने का न्योता दिया है

**भारत** और नेपाल की दोस्ती के लिए गुरुवार को बेहद अहम दिन था। भारत के दौरे पर आए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर भारत और नेपाल की दोस्ती को नया आयाम दिया है। नेपाल के प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दिल्ली में स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच काफी गर्मजोशी दिखी। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों के साथ प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक हुई। इस दौरान अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, शिक्षा क्षेत्र और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर मंथन किया गया। भारत और नेपाल ने व्यापार और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी और उनके समकक्ष प्रचंड ने संयुक्त रूप से भारत और नेपाल के बीच मोतिहारी-अमलेखगंज तेल पाइपलाइन के फेज-2 का शिलान्यास किया। रेलवे के कुर्था-बीजलपुरा खंड की ई-योजना का भी अनावरण किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक भारतीय रेल कार्गो ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को नेपाल आने का न्योता दिया है।

बता दें कि नेपाल के प्रधानमंत्री भारत के चार दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भविष्य में अपनी पार्टनरशिप को सुपरहिट बनाने के लिए बहुत से महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ट्रांजिट एग्रीमेंट संपन्न किया गया है। इसमें नेपाल के लोगों के लिए, नए रेल रूट्स के साथ-साथ, भारत के इनलैंड वाटर वे की सुविधा का भी प्रावधान किया गया है। आज भारत और नेपाल के बीच ह्यलॉन्ग टर्म पावर ट्रेड एग्रीमेंटह्न संपन्न हुआ है। इससे अगले दस सालों में भारत नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध बहुत पुराने और मजबूत हैं। इस सुंदर कड़ी को और मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड और मैंने निश्चय किया है कि रामायण सर्किट से संबंधित परियोजनाओं में तेजी लाई जानी चाहिए। हम अपने रिश्तों को हिमालय जितनी



ऊंचाई देने के लिए काम करते रहेंगे और इसी भावना से हम सभी मुद्दों को, चाहे बाउंडरी का हो या कोई और विषय, सभी का समाधान करेंगे।

मोदी ने कहा कि मुझे याद है, नौ साल पहले, 2014 में, कार्यभार संभालने के तीन महीने के भीतर मैंने नेपाल की अपनी पहली यात्रा की थी। उस समय मैंने भारत-नेपाल संबंधों के लिए एक ह्यहिटह्न फामूर्ला दिया था-हाई-वे, आई-वे और ट्रान्स -वे। मैंने कहा था कि भारत और नेपाल के बीच ऐसे संपर्क स्थापित करेंगे कि हमारे बॉर्डर्स, हमारे बीच बैरियर न बने। नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रूट्स शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा वहां के रेलकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी।ट्रकों की जगह पाइपलाइन से तेलों का निर्यात होना चाहिए, साझा नदियों के ऊपर बांध बनाए जाने चाहिए, नेपाल से भारत को बिजली निर्यात करने के लिए सुविधाएं बनाई जानी चाहिए। आज नौ सालों बाद मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि हमारी पार्टनरशिप वाकई में हिट है।

गौरतलब है कि नेपाली प्रधानमंत्री के भारत दौरे से कुछ घंटे पहले ही नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने नागरिकता कानून में एक विवादास्पद संशोधन को अपनी सहमति दे दी है जो नेपालियों से शादी करने वाले विदेशियों को राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ उन्हें तुरंत नागरिकता प्रदान करता है। चीन नेपाल के इस कानून का हमेशा से विरोध करता रहा है और माना जा रहा है कि नेपाल के इस कदम से वो नाराज है। परिस्थितियों में नेपाली प्रधानमंत्री का भारत दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने के बाद प्रचंड की यह पहली विदेश यात्रा है । एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस नागरिकता संशोधन पर नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने दो बार सहमति जताने से इनकार कर दिया था। माना गया कि चीन के प्रभाव में उन्होंने इसे मंजूरी नहीं दी थी।

नेपाली कानून में यह संशोधन नेपाल के नागरिकता कानून को दुनिया के सबसे उदार कानूनों में से एक बनाता है। राष्ट्रपति पौडेल के कानून को अपनी सहमति देने से चीन परेशान हो सकता है। चीन इन कानून को लेकर नेपाल को चेतावनी देता आया है कि यह कानून तिब्बती शरणार्थियों के परिवारों को नागरिकता और संपत्ति का अधिकार दे सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले नौ सालों में भारत और नेपाल ने मिलकर कई क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने और प्रधानमंत्री प्रचंड ने भविष्य में अपनी साझेदारी को सुपरहिट बनाने के लिए बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। हमने ट्रांजिट एग्रीमेंट शामिल है जिसमें नेपाल के लोगों के लिए नए रेल मार्गों के साथ-साथ भारत के इन-लैंड वाटरवेज की सुविधा भी प्रावधान किया गया है। साथ ही भारतीय रेल संस्थानों में नेपाल के रेल कर्मियों को प्रशिक्षित करने का भी निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी दी कि प्रचंड से द्विपक्षीय बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच लॉन्ग टर्म पावर समझौता हुआ है। इसके तहत आने वाले 10 सालों में भारत ने नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली आयात करने का लक्ष्य रखा है। नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड का रिश्ता भारत के साथ बहुत पुराना है। नेपाल में 1996 से लेकर 2006 तक गृहयुद्ध का दौर था। यह गृहयुद्ध नेपाल की राजशाही और माओवादियों के बीच चल रहा था। इस दौरान प्रचंड समेत कई माओवादी नेता अपना देश छोड़कर भारत में रह रहे थे। नेपाल के लोगों में जब माओवादियों के खिलाफ गुस्सा बढ़ा तब भारत ने ही प्रचंड समेत नेपाल के माओवादी नेताओं से शांति समझौते पर बात की थी। नवंबर 2006 में नई दिल्ली में माओवादियों की सात पार्टियों ने 12 सूत्री समझौते पर हस्ताक्षर किया था। इस समझौते के बाद नेपाल में आम चुनाव हुए जिसमें माओवादियों को जनता का भारी समर्थन मिला। माओवादी चुनाव जीत गए और प्रचंड पहली बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने । प्रचंड जब 2008 में पहली बार प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने भारत आने के बजाए चीन जाना पसंद किया था। जबकि नेपाल में यह परंपरा रही है कि कोई भी शीर्ष नेता पद ग्रहण करने के बाद सबसे पहले भारत की यात्रा करता है। प्रचंड ने उस परंपरा को चीन के प्रभाव में आकर तोड़ दिया था। प्रचंड भारत को लेकर पूर्व में कई ऐसे बयान दे चुके हैं जिससे दोनों देशों के रिश्तों पर असर पड़ा।

एक बार उन्होंने कहा था कि भारत और नेपाल के बीच जो भी समझौते हुए हैं, उन्हें या तो खत्म कर देना चाहिए या बदल देना चाहिए। साल 2016-17 के बीच प्रचंड जब फिर से प्रधानमंत्री पद पर थे तब उन्होंने कहा था कि नेपाल अब वो नहीं करेगा, जो भारत कहेगा।

साल 2017 में प्रचंड से नेपाल की सत्ता छिन गई और नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बन गए। प्रचंड ने जब देखा कि भारत के साथ रिश्ते खराब कर उनका राजनीतिक नुकसान हो रहा है, तब उन्होंने एक बार फिर भारत से रिश्ते सुधारने की कोशिशें शुरू कर दी। जुलाई 2022 में उन्होंने भारत का दौरा किया। इस दौरे को लेकर प्रचंड ने कहा कि वो बीजेपी के बुलावे पर भारत आए हैं। इस दौरे में उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। प्रचंड की कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के एक वरिष्ठ नेता गणेश शाह ने कहा था कि इस दौरे का उद्देश्य भाजपा और के बीच संबंधों को मजबूत करना था।

# कविता

सांझी है बेटियाँ
समाज में अनैतिकता देख,
खामोश कब तक रहेगा जनमानस,
बेटियों पर हो रहे जुल्म पर
मौन रहेगा आखिर कब तक,
तमाशबीन बन कब तक यूँ ही
नजरों से रहेंगे भागते जन,
क्या जुल्म किसी की बेटी पर होता देख,
यूँ ही कौरव सभा का
हिस्सा बनता रहेगा मानव,
देख द्रौपदी का चीरहरण
कब तक चुप्पी साधेंगे हम,
यकीनन समाज हमारा
दुर्योधन और दुशासन से है घिरा हुआ,
तभी साहिल को आज
कश्ती डुबोने का दुस्साहस मिला।
कितनी बेटियों के श्राद्ध का
साक्षी बनेगा इंद्रप्रस्थ आज का,
क्या बन पाएगा योगी कृष्ण कोई,
बचाने आएगा जो लाज
बेटियों की,
अंधा हुआ सामाज आज का या
हुआ मतलबपरस्त फिर,
सोचकर यही क्या फर्क पड़ता है
और क्या लेना देना मुझे,
अपेक्षा जिस सामाज से अबला की हो,
उपेक्षा वहीं समाज अब
आँख मूंद के कर रहा है,
बेटी पर दरिंदगी का गवाह
समाज तमाशबीन निर्लज्ज सा है।
जब गिरने लगे ईमारत जमीर की,
हावी होने लगे जब कौरव पक्ष तो,
निश्चित ही खुद के मन से
महाभारत जरूरी है,
ताकि बलिदान हो ना फिर
कभी किसी मासूम बेटी का,
सांझी है बेटियाँ सबकी
गर जुल्म उन पर हो तो,
मौन तमाशा देखना भी
अपराध घिनौना सिद्ध हो ।

मुनीष भाटिया

## भारत महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में सैटेलाइट तस्वीरों से इस बात का खुलासा हुआ है कि हमारे देश के पड़ौसी चीन (ड्रैगन) के मंसूबे ठीक नहीं हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने एलएसी यानी कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास रनवे, मिसाइल बेस और पुल बनाए हैं। चीन सदैव भारत के साथ भारतीय चीनी भाई भाई का राग अलापता रहा है लेकिन साथ ही पीठ में छुरा घोंपने का काम भी करता रहा है। वास्तव में चीन एक ऐसा देश रहा है जिसकी नीति हमेशा हमेशा से विस्तारवादी रही है। दरअसल, चीन की दूसरे देशों के क्षेत्र पर कब्जा जमाने की नीति को ही विस्तारवादी नीति कहा जाता है। चीन अपनी विस्तारवादी नीति के तहत विभिन्न देशों में ना केवल उनकी जमीनी सीमा पर बल्कि उनकी समुद्री सीमा पर भी यह रहकर घुसपैठ करता रहता है, उसकी यह आदत रही है कि वह सभी देशों की समुद्री सीमाओं पर अपना अधिकार जमाता रहा है।चीन, भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में 90 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना दावा करता है जबकि भारत कहता है कि चीन ने पश्चिम में अक्साई चिन के 38 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही अमेरिका की बाइडेन सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही थी कि चीन भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने को लेकर( सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति होने के बावजूद) बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। अमेरिका ने कहा है कि चीन के साथ सीमा को लेकर लंबे समय से भारत का विवाद चल रहा है। दोनों देशों ने बॉर्डर से सटे अपने-अपने इलाकों पर बड़ी तादाद में सैनिकों की तैनाती कर रखी है और चीन दोनों देशों के बीच जारी शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

उल्लेखनीय है कि पूर्वी लद्दाख में कुछ पॉइंट्स पर भारत और चीन की सेना के बीच पिछले दो-तीन सालों से टकराव जारी है। भारत का इस मुद्दे पर क्लीयर स्टैंड है कि जब तक सीमा पर शांति स्थापित नहीं हो जाती, चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं और अब सैटेलाइट तस्वीरों से भी यह साफ पता चलता है कि ड्रैगन की चाल टेढ़ी है और वह भारत के साथ शांति स्थापित करने का पक्षधर नहीं है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि माह मई 2020 में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी और उसके बाद से ही चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब भौगोलिक सीमा में हवाई क्षेत्रों का विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में हाल ही में जो सैटेलाइट तस्वीरें आईं हैं उनसे यह पता चलता है कि चीन ने अपने सैनिकों को तेजी से तैनात करने और आक्रामक क्षमताओं के लिए बड़े पैमाने पर अपने हवाई क्षेत्रों, हैलीपेडों, रेलवे सुविधाओं, सड़कों और पुलों के साथ ही विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर यहां तक कि मिसाइल बेस तक का निर्माण किया बताते हैं,

यह दर्शाता है कि चीन के मंसूबे ठीक नहीं हैं और वह एक तरफ तो भारत के साथ शांति,संयम व भाईचारे की बात करता है लेकिन बगल में छुरी रखकर भारत पर प्रहार करने का मंसूबा भी रखता है।

# विचार

## धनाढ्य प्रवासी भारतीय और राहुल गांधी की ओछी सियासत

**कमलेश पांडेय**

**पिछले** तीन दशकों में भारतीय राजनीति में दो महत्वपूर्ण बदलाव महसूस किए जा रहे हैं, जो नई आर्थिक नीतियों के राजनीतिक साइड इफेक्ट्स समझे जा सकते हैं। पहला, नेताओं व उनके भरोसेमंद कार्यकताओं के बीच विश्वास दिन ब दिन घटता जा रहा है और ग्लोबल-नेशनल पीआर एजेंसी इस जगह को तेजी से भरती जा रही हैं। दूसरा, राजनेताओं और नौकरशाहों की अंदरूनी सांठगांठ औद्योगिक घरानों व कारोबारियों से बढ़ती जा रही है और उनके मनमाफिक कानून बदले जा रहे हैं। देखा जाए तो इन दोनों घटनाओं की वजह से समाजवादी लोकतंत्र, कब पूंजीवादी लोकतंत्र में तब्दील हो गया, पता ही नहीं चला! आहिस्ता-आहिस्ता यह प्रक्रिया और तेज ही होती जा रही है, जिससे पढ़े लिखे और पैसे वाले लोगों के बजाय आम आदमी के हित ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, नकारात्मक अर्थों में। जिस हिसाब से व्यक्ति विशेष के खर्चे बढ़े हैं, उत्तरदायित्व बढ़ रहे हैं, आमदनी बिल्कुल नहीं! बदलते राजनीतिक माहौल में देश व समाज में पैसे को सर्वोच्च तरजीह दी जा रही है तथा जो लोग पैसे से पैसा और पावर से पैसा बनाने की कला में निपुण हैं, उनकी हर जगह पर पूछ बढ़ती जा रही है। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में धनाढ्य प्रवासी भारतीयों की पूछ हर दल में बढ़ी है, लेकिन उन्हें अपनाने के चक्कर में ओछी राजनीति भारतीय राजनेताओं के द्वारा की जा रही है। सच कहूं तो विदेशी की धरती से बयानबाजी सम्बन्धी जो गलतियां की जा रही हैं, उससे केंद्रीय मंत्रीगण भी बिफर पड़े हैं। इससे भारत और भारतीयों का भी चिंतित होना स्वाभाविक है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़बोलेपन पर तो सवाल उठते ही रहते हैं, लेकिन उनसे प्रतिस्पर्धा स्वरूप कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा जो 'लक्षित बयान' दिए जा रहे हैं, उससे उन्हें कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा, ये तो वही जानें। लेकिन भारत की कथित कमजोरियों को जो प्रवासी भारतीयों के बीच में उठाया जा रहा है, उससे विदेशों में भारत का, भारतीयों का खुल्लमखुल्ला अपमान होता है। इससे एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि पर भी बट्टा लगता है, जो सार्वजनिक चिंता का विषय है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जैसे बहुमत के चक्कर में हमारे राजनेताओं ने देश के भीतर जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र आदि के आधार पर विभेद परोसकर अपने-अपने मजबूत समर्थक वर्ग तैयार कर लिए हैं, उसी प्रकार से ये विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों को पटाना चाहते हैं, ताकि बैक चैनल से या डायरेक्ट उनकी वित्तीय मदद मिलती रहे। गोया, जब पीएम मोदी ने राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के नाम पर प्रवासी भारतीयों के एक बड़े तबके को अपने साथ कर लिया तो अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी धर्मनिरपेक्षता और तुष्टीकरण की आड़ में प्रवासी भारतीयों के एक बड़े वर्ग को अपने साथ साधना चाह रहे हैं, ताकि उनके मिशन 2024 को बल मिले। यहां पर यह याद दिलाना जरूरी है कि विदेशों में कभी तिरंगा का अपमान करने, कभी भारतीय दूतावास पर विरोध प्रदर्शन करने, कभी हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान करने, कभी फिल्मों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने या उनके पक्ष में रैलियां निकालने के जो प्रायोजित कार्यक्रम होते हैं, उसके पीछे स्थानीय संगठनों और चर्चित पीआर एजेंसियों की भूमिका जगजाहिर है। ऐसे ही लोग विभिन्न संगठनों के बैनर तले भारतीय नेताओं के कार्यक्रम आयोजित करवाते हैं और अपने सही-गलत दोनों इरादे की पूर्ति करते हैं। इसलिए आशंका है कि यहां उठने वाले मुद्दे भी ग्लोबल पीआर एजेंसी ही सुझाती होंगी। कोढ़ में खाज यह कि वह अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन जैसे देशों की भारतीय रणनीति को भी ऐसी पीआर एजेंसी पर्दे के पीछे से अवश्य ही अमलीजामा पहनाती होगी, ताकि भारतीय नेतृत्व हमेशा उनका पिछलग्गू बना रहे। समझा जाता है कि हमारे नेतागण जानबूझकर भी व्यक्तिगत लाभ के लिए इन स्थितियों-परिस्थितियों को नजरअंदाज कर देते होंगे। हाल के वर्षों में देखा जा रहा है कि जिन सियासी सीढ़ियों से पीएम मोदी ने राजनीतिक बुलंदियां हासिल कीं, लगभग वही तौर तरीके राहुल गांधी भी अपना रहे हैं और कुछ कुछ मजबूत भी हुए जा रहे हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## बेमौसम बारिश का फसलों पर असर पड़ेगा

**विजय गर्ग**

**मई** में बेमौसम बारिश के कारण फसलें जो अभी काटी जानी हैं, और जो पौधे वर्तमान में उगाए जा रहे हैं, वे प्रभावित होंगे। मई में बेमौसम बारिशः उत्तर पश्चिम भारत, मध्य भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप में 27 अप्रैल, 2023 से 3 मई तक सामान्य से अधिक बारिश हुई। मई के पहले तीन दिनों में, इन क्षेत्रों में 18 प्रतिशत, 268 प्रतिशत, और क्रमशः सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक वर्षा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस अवधि के दौरान पूरे देश में सामान्य से 28 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। इस बेमौसम बारिश के कारण दिल्ली में 13 साल में दूसरा सबसे ठंडा मई दिवस रहा। लेकिन जो फसलें अभी काटी जानी हैं, और जो पौधे वर्तमान में उगाए जा रहे हैं, वे इस बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित होंगे, बेमौसम बारिश के वैज्ञानिक कारण और जलवायु परिवर्तन की भूमिका पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण, जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र से नमी लाने वाली एक मौसम प्रणाली है, दिल्ली में 13 वर्षों में दूसरा सबसे ठंडा मई दिवस देखा गया। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवातीय परिसंचरणों के संयुक्त प्रभाव के परिणामस्वरूप मई में हुई अभूतपूर्व वर्षा हुई। दिल्ली ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 13 वर्षों में दूसरा सबसे ठंडा मई दिवस देखा, जो एक मौसम प्रणाली है जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र से नमी लाती है। इस मौसम प्रणाली के कारण आसमान में बादल छाए रहे, रुक-रुक कर बारिश हुई और अपेक्षाकृत ठंडा तापमान हुआ। पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोन तौक्ताई (2021) के संयुक्त प्रभाव के कारण उत्तर भारत में मई में अभूतपूर्व वर्षा हुई, जिससे नमी की मात्रा और वायुमंडलीय अस्थिरता में वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप भारी वर्षा हुई।

बदलती जलवायु चक्रवात, बाढ़ और सूखे जैसी चरम मौसमी घटनाओं में वृद्धि करके इन घटनाओं में एक भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे जलवायु गर्म होती जा रही है, इन चरम मौसम की घटनाओं के लगातार और तीव्र होने की उम्मीद है, जिससे मौसम के पैटर्न में अधिक परिवर्तनशीलता हो सकती है।

## अस्पताल नहीं हँसता पाताल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक मरीज** आगे वाले को कोहनी करते बुदबुदायाझ्र कितना समय और लगेगा। उसे कोई जवाब न मिला। मन तो किया जम कर फटकार लगा देझ्र आखिर हमें इतना इंतजार क्यों कराया जा रहा है? हम यहाँ न तो पार्टी के टिकट के लिए खड़े हैं न राशन की दुकान पर, फिर देर क्यों? तभी उसे याद आया वह मरीज है। उसे मरीजों की मयार्दा का पालन करना चाहिए और चुप रहना चाहिए। घर वालों के बार-बार समझाने पर भी चिलमिलाती धूप में धरना देने गया था। आज धरना देना बहरों के कानों में डीजे बजाने के बराबर है। मरीज और विपक्ष दोनों समय के मारे होते हैं। जब तक योग न हो तब तक दोनों को चुपचाप रहना चाहिए। लेकिन हैं तो दोनों समय के मारे। बिना चूँ-चाँ किए कैसे रह सकते हैं। इसीलिए बीच-बीच में जिंदा रहने के लिए कराहते रहते हैं। दूसरा मरीज पहले मरीज के कराहने से थोड़ा कसमसाया। फिर बोला शटअप। वार्ड ब्वाय लड़की से चिट-चैट करते हुए भी हमारा कितना ध्यान रख रहा है। शुक्र मनाइए कि वह ईमानदार है, नहीं तो हमारा नंबर यहाँ तक भी नहीं पहुँच पाता। हम अकेले ही नहीं बाकी के मरीज भी कितने परेशान हैं। ट्राई टू अंडरस्टैंड। पहले वाला अब खुल कर बोल सकता था क्योंकि मयार्दा का उल्लंघन दूसरी ओर से हुआ था। बोला, "तुझे हुआ क्या?ह्व "घर जल्दी आकर समाचार देखने का यह हाल है।" दूसरे ने आ-ऊँ करते हुए कहा। तब तक तीसरा बोल पड़ा, "समाचार चैनल? कम से कम तुम कुछ देखकर बीमार पड़े हो। मैं तो बिना कुछ देखे इसकी उसकी बातों में आकर बीमार हुआ हूँ।" पहला, "वो कैसे? तीसरा पसलियों के दर्द से कराहते हुए, "किसी ने कहा वहाँ खुदाई चल रही है। किसी ने कहा वहाँ भगवान निकले हैं। इनकी-उनकी बातों में आकर भगवान देखने निकला तो वहाँ पहले से जमा भीड़ ने खुंदल-खुंदलकर मेरी खुदाई कर दी।

तभी उनमें से एक की नजर मुझ पर पड़ी। मेरा हाल-चाल पूछ लिया। मैंने कहा, मैं सरकारी अस्पताल गया था। वहाँ डॉक्टर साब ने न जाने कौन सा इंजेक्शन दिया कि हाथ-पैर सूज गए। बहुत चिरौरी की तब उन्होंने यहाँ आने की सलाह दी और कहा, सरकारी अस्पताल में भीड़ बहुत होती है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# 76 फ्लैटों के लिए 6071 ने किया आवेदन

## माफिया अतीक से खाली कराई गई भूमि पर आवास बनकर तैयार, छह जून को निकाली जाएगी लॉटरी

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**लूकरगंज** में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लॉटरी छह जून को निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को लॉटरी निकालने से संबंधित विज्ञापन भी जारी कर दिया जाएगा। आवास का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसको भगवा रंग में रंगवाया गया है।

**भगवा रंग में दिखेगा आवासः** लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा बनाए जा रहे प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के फ्लैट भगवा दिखेंगे। इन फ्लैटों के निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। साथ ही इन्हें भगवा रंग में रंगवाया जा रहा है। जल्द ही इन फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



दिसंबर 2021 में फ्लैटों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 1731 वर्गमीटर में तैयार कराए जा रहे 76 फ्लैटों के लिए कुल 6071 लोगों ने आवेदन किया है। फ्लैट के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। लॉटरी निकलने के बाद आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का खुद के आवास का सपना पूरा हो जाएगा।

**माफिया अतीक से खाली कराई गई जमीन पर बन रहे हर एक फ्लैट के 80 दावेदारः** माफिया अतीक अहमद से लूकरगंज में खाली कराई गई जमीन पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के 76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 जुलाई तक थी। आवेदन के बाद एक फ्लैट पर 80 दावेदारी सामने आए हैं। ऐसे में अपने घर का सपना किसका साकार होगा, यह पीडीए की लॉटरी निकालने के बाद ही साफ हो सकेगा। लूकरगंज फ्लैट का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। यहीं कारण है कि मुख्यमंत्री ने इन फ्लैट के निर्माण की नींव स्वयं ही पिछले साल दिसंबर में रखी थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से इन फ्लैट के लिए आवेदन प्रक्रिया इस वर्ष 30 जून से शुरू हुई थी।

**6071 गरीबों ने किया है आवेदनः** 76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों की संख्या 6071 पर पहुंच गई। यानी एक फ्लैट के लिए करीब 80 लोगों ने दावेदारी दी है। ऐसे में खुद के आशियाना हासिल करने का सपना किसका साकार होगा, यह तो लॉटरी के बाद साफ हो सकेगा। लूकरगंज में एक बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। इसमें प्रत्येक फ्लैट का कवर एरिया 22.77 वर्गमीटर रहेगा। आवंटी को कुल साढ़े तीन लाख रुपये पीडीए को भुगतान करने होंगे। इसमें 45 हजार रुपये आवंटन के समय और शेष बचे तीन लाख रुपये छह माह की किस्त में देनी होंगी।

# सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित


## दिल्ली हाईकोर्ट ने बीमार पत्नी से मिलने इजाजत दी, मीडिया-मोबाइल से दूर रहने कहा

**सख्ती**

**कोर्ट ने यह भी कहा है कि वह मीडिया से बातचीत, मोबाइल या इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शुक्रवार** को दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी केस में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने सिसोदिया को शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दे दी है। यानी मनीष अपने घर जा सकेंगे, लेकिन पुलिस उनके साथ मौजूद रहेगी। कोर्ट ने यह भी कहा है कि वह मीडिया से बातचीत, मोबाइल या इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। न ही परिवार के सिवा किसी और से मिलेंगे। जस्टिस दिनेश शर्मा की बेंच ने सिसोदिया और विजय नायर दोनों की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।



**ईडी ने कहा था- 18 विभाग संभालते थे, तब पत्नी से मिलने का वक्त नहीं थाः** इसके पहले ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि मंत्री के रूप में 18 विभाग संभाले, तब तो उनके पास अपनी पत्नी से मिलने का समय नहीं था। वे केवल जमानत के लिए ये बातें बना रहे हैं। चार दिन पहले उन्होंने याचिका वापस ले ली थी। अब वे फिर से आ गए हैं। उनकी पत्नी की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, केवल कॉस्मेटिक बदलाव हुआ है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि सिसोदिया केवल पुलिस की मौजूदगी में ही अपनी पत्नी से मिल सकते हैं।

**राउज एवेन्यु कोर्ट ने 6 जुलाई तक बढ़ाई कस्टडीः** शराब नीति केस में मनीष सिसोदिया की ज्युडीशियल कस्टडी 6 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यु कोर्ट ने ,सीबीआई से सिसोदिया के खिलाफ दायर चार्जशीट और सप्लीमेंट्री चार्जशीट समेत सभी डॉक्यूमेंट्स की कॉपी जमा करने कहा है।

# इस्लाम सिर्फ भारत में सुरक्षितः मोहन भागवत



**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (संघ) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, इस्लाम की पूजा सिर्फ भारत में सुरक्षित तरीके से चलती है। कुछ धर्म भारत के बाहर के थे, बाहर वाले तो चले गए। अब उसमें सुधार करना हमारी जिम्मेदारी है। वे गुरुवार को नागपुर के संघ शिक्षा वर्ग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने आगे कहा कि पूरी दुनिया में इस्लाम का आक्रमण हुआ, यह स्पेन से मंगोलिया तक छा गया। धीरे-धीरे वहां के लोग जागे। उन्होंने आक्रमणकारियों को हराया, तो अपने कार्य क्षेत्र में इस्लाम सिकुड़ गया। विदेशी वहां से चले गए, लेकिन इस्लाम की पूजा कहां सुरक्षित चलती है, यहीं (भारत में) सुरक्षित चलती है।

**भारत की एकता और अखंडता के लिए हर कोई प्रयास करेः** भागवत ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए।

**अखंडता**

**भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिएः मोहन भागवत**

उन्होंने कहा कि सीमाओं पर बुरी नजर दिखाने वाले दुश्मनों को ताकत दिखाने के बजाय हम आपस में ही लड़ रहे हैं। देश में भाषा, पंथ-संप्रदाय और सहूलियतों को लेकर तमाम तरह के विवाद हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि हम भूल रहे हैं कि हम एक देश हैं।

कुछ धर्म भारत के बाहर के थे और हमारे उनके साथ युद्ध हुए थे, लेकिन बाहर वाले तो चले गए, अब तो सब भीतर हैं। फिर भी वे लोग बाहरी लोगो के प्रभाव में हैं। हमें समझना होगा कि वे हमारे लोग हैं। अगर उनकी सोच में कोई कमी है तो उसमें सुधार हमारी जिम्मेदारी है।

# नशीला पदार्थ देकर कॉलेज छात्र से रेप

## घर जाने के लिए निकली थी; बेहोशी की हालत में सड़क किनारे फेंक गए आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**

**केरल** के कोझिकोड में एक कॉलेज स्टूडेंट को नशीला पदार्थ पिलाकर रेप का मामला सामने आया है। आरोपियों ने रेप के बाद लड़की को बेहोशी की हालत में कोझिकोड को वायनाड से जोड़ने वाली थामरास्सेरी चुरम (पहाड़ी दर्रा) में फेंक गए। पुलिस के मुताबिक, लड़की कॉलेज हॉस्टल में रहती है। 30 मई को वह हॉस्टल नहीं पहुंची तो कॉलेज मैनेजमेंट ने घर पर फोन किया। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसकी गुमशुदगी



की रिपोर्ट दर्ज कराई। अशरफ थंगलक्कंडियिल ने कहा कि गुरुवार दोपहर थमारास्सेरी घाट रोड के 9वें मोड़ पर एक लड़की बेहोशी की हालत में मिली थी। पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहां मेडिकल के दौरान उसके साथ रेप की पुष्टि हुई। पुलिस ने परिवार को जानकारी दी। लड़की का बयान दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 19 साल की पीड़िता ने बताया कि उसे वायनाड के एक व्यक्ति ने नशीला पदार्थ पिलाया। बाद में वह उसे एनार्कुलम और वायनाड में अलग-अलग जगहों पर ले गया। जहां उसके साथ रेप हुआ। इसके बाद आरोपी उसे घाट रोड पर छोड़ गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक था या और लो भी इसमें शामिल थे, इसकी जांच की जा रही है। अजमेर में 25 वर्षीय महिला से रेप की वारदात सामने आई है। महिला ने एक युवक पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर स्लीपर बस और अन्य जगहों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

# बंगाल सरकार ने दी कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पश्चिम** बंगाल सरकार ने नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई और ईडी से कराने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वकील सुनील फर्नांडीस ने जस्टिस सुधांशु धुलिया की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए इस पर जल्द सुनवाई की मांग की, लेकिन कोर्ट ने इस पर जल्द सुनवाई से इनकार करते हुए ग्रीष्मावकाश के बाद सुनवाई का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान

**अधिकार**

**कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और संज्ञेय अपराध के मामले में राज्य की पुलिस को जांच का पहला अधिकार है**

पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि आरोपियों को सुरक्षा की जरूरत है, नहीं तो जांच एजेंसियां अपना जांच शुरू कर देंगी।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है और संज्ञेय अपराध के मामले में राज्य की पुलिस को जांच का पहला अधिकार है।

# 'जून अंत तक देश के सभी राज्यों में दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इसी जून के महीने में देश के सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन से कवर कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के केवल आठ देशों के पास वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन को बनाने की क्षमता है। नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ साल पूरे होने पर रेल मंत्रालय की उपलब्धियों को गिनवाते हुए अश्विनी वैष्णव ने

**सुविधा**

**दुनिया के केवल आठ देशों के पास वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन को बनाने की क्षमता है**

शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि साल 2014 के बाद भारत में बड़ा बदलाव आया है। खासकर रेलवे सेक्टर पहले से कहीं ज्यादा बदल रहा है। आज रेलवे की व्यवस्था यात्रियों के लिए ज्यादा सुविधाजनक है।

# 'भारत में विदेशी पत्रकार बिना कठिनाई के काम कर रहे हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विदेश** मंत्रालय का कहना है कि चीनी पत्रकारों सहित सभी विदेशी पत्रकार भारत में बिना किसी कठिनाई के रिपोर्टिंग और मीडिया कवरेज कर रहे हैं। उनके लिए कोई दायरा नहीं है। भारत आशा करता है कि चीनी अधिकारी चीन से काम करने वाले और रिपोर्टिंग करने वाले भारतीय पत्रकारों को निरंतर उपस्थिति की सुविधा प्रदान करेंगे। इस मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच संपर्क बना हुआ है।



चम्पावत में श्री रीठासाहिब गुरुद्वारे में आयोजित जोड़ मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर मत्था टेका और राज्य की उन्नति एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि हेतु कामना की।




**आतंकी निशाने पर**

## एक आतंकी मारा गया, दो- तीन के छिपे होने की आशंका, ऑपरेशन जारी

# राजौरी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**पुलिस ने** इलाके की घेराबंदी कर दी है और आम लोगों की आवाजाही और डसाल से आगे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया। डसाल इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। फिलहाल फायरिंग बंद हो गई है, लेकिन सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आम लोगों



की आवाजाही और डसाल से आगे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

**एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया थाः** इससे पहले गुरुवार को सांबा सेक्टर में सीमा पर बीएसफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

**दो चाइनीज पिस्टल और मैगजीन बरामदः** दोनों की तलाशी के दौरान दो चाइनीज पिस्टल, दो मैगजीन और पिस्टल के 15 राउंड बरामद किए गए। उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लश्कर के आतंकवादी सहयोगियों, फ्रेस्टिहार क्रीरी के सुहैल गुलजार और हुडीपोरा रफियाबाद के वसीम अहमद पाटा के रूप में हुई थी। जम्मू कश्मीर के करमारा सेक्टर में छडउ के पास भारतीय सेना ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा।